Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुज़फ़्फ़रनगर, रुड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबन्द में प्रसारित

दैनिक

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्ष: 6 अंक: 70 | बुधवार, 12 मार्च -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## दिल्ली में नई सरकार के गठन के बाद NDMC की बड़ी बैठक, प्रवेश वर्मा भी हुए शामिल



**नई दिल्ली।**

वर्मा ने कहा कि दिल्ली चुनाव के बाद आज ठऊटउ परिषद की पहली बैठक थी। काफी सार्थक चर्चा हुई। यहां 34 झुग्गी-झोपड़ियां हैं जहां पानी की समस्या है। अगले 6-8 महीनों में 9,000 नए पानी के कनेक्शन लगाए जाएंगे, जिससे 4,700 लोगों को फायदा होगा।

दिल्ली के लोक निर्माण मंत्री प्रवेश वर्मा ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली चुनाव के बाद पहली बार एनडीएमसी परिषद की बैठक हुई और इसमें काफी सार्थक चर्चा हुई। बैठक के बाद उन्होंने कहा कि अगले 6-8 महीनों में 9,000 नए पानी के कनेक्शन लगाए जाएंगे, जिससे 4,700 लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने सस्ती बिजली खरीदने के विकल्पों पर भी विचार किया है और एनडीएमसी में साफ-सुथरी सड़कें सुनिश्चित करने के लिए अतिक्रमण अभियान चलाया जाएगा। वर्मा ने कहा कि दिल्ली चुनाव

यह बहुत बड़ा फैसला है। हमने सस्ती बिजली खरीदने के विकल्पों पर भी विचार किया है। उन्होंने कहा कि ठऊटउ में साफ–सुथरी सड़कें सुनिश्चित करने के लिए अतिक्रमण अभियान चलाया जाएगा। वर्मा ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में हम यमुना के पुनरुद्धार और इसके डूब क्षेत्र की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वर्षों के अवैध अतिक्रमण और कचरा फेंके जाने के कारण यमुना नदी अवरुद्ध हो गई है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी इस संबंध में प्रादेशिक सेना के साथ औपचारिक संवाद करेंगी। मंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार कार्य बल की तैनाती के लिए पूर्ण रूप से धन मुहैया कराएगी।

के बाद आज ठऊटउ परिषद की पहली बैठक थी। काफी सार्थक चर्चा हुई। यहां 34 झुग्गी-झोपड़ियां हैं जहां पानी की समस्या है। अगले 6-8 महीनों में 9,000 नए पानी के कनेक्शन लगाए जाएंगे, जिससे 4,700 लोगों को फायदा होगा।

## पश्चिम बंगाल में हिंदू मंदिरों पर हमला!



**नई दिल्ली।** विपक्ष के नेता ने दावा किया कि यह गैरकानूनी है और पश्चिम बंगाल की जनता की आवाज को दबाने की कोशिश है, जिसके खिलाफ हम प्रदर्शन कर रहे हैं। भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल ने कहा कि मांग यह है कि भेदभाव बंद किया जाना चाहिए। पश्चिम बंगाल में हिंदू मंदिरों पर हमलों के खिलाफ भाजपा ने विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। पश्चिम बंगाल के नेता सुवेन्दु अधिकारी ने कहा कि पिछले 4-5 दिनों से बरुईपुर, बशीरहाट में हिंदू मंदिरों और मूर्तियों को तोड़ा जा रहा है। एक भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने दावा किया कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय क्रिकेट टीम की जीत का जश्न मना रहे लोगों पर हमला किया गया। इसके खिलाफ भाजपा विधायक ने विधानसभा में स्थगन प्रस्ताव लाया, लेकिन उन्हें बोलने तक नहीं दिया गया। विपक्ष के नेता ने दावा किया कि यह गैरकानूनी है और पश्चिम बंगाल की जनता की आवाज को दबाने की कोशिश है, जिसके खिलाफ हम प्रदर्शन कर रहे हैं। भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल ने कहा कि मांग यह है कि भेदभाव बंद किया जाना चाहिए। वोट बैंक और मुसलमानों के तुष्टीकरण के लिए हिंदुओं को किनारे किया जा रहा है।

## 'देश को विकसित करने में पूर्वोत्तर का योगदान महत्वपूर्ण'

# गृह मंत्री अमित शाह ने कहा 'सरकार शांति के लिए प्रतिबद्ध'



**नई दिल्ली।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि विकसित भारत के निर्माण में पूर्वोत्तर क्षेत्र का योगदान सबसे महत्वपूर्ण होगा। गृहमंत्री शाह ने 'स्टूडेंट एक्सपीरियंस इन इंटर-स्टेट लिविंग' (एसईआईएल) द्वारा आयोजित पूर्वोत्तर छात्र एवं युवा संसद को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार पूर्वोत्तर के विकास, एकता और शांति के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

अमित शाह ने कहा कि पूर्वोत्तर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत सरकार के दिल के बहुत करीब है। उन्होंने कहा, विकसित भारत के निर्माण में पूर्वोत्तर का योगदान सबसे अहम होगा। गृह मंत्री ने इस क्षेत्र की विपुल क्षमता का भी उल्लेख किया। उन्होंने भारत में सबसे अधिक बौद्धिक क्षमता वाले पूर्वोत्तर के युवाओं की भी प्रशंसा की तथा कहा कि यह क्षेत्र कुछ सर्वाधिक परिश्रमी जनजातियों की भूमि है। गृह मंत्री अमित शाह ने इस बात पर जोर दिया कि पूर्वोत्तर विविधताओं से भरा प्रदेश है, जहां 220 से अधिक जनजातीय समूह, 160 जनजातियां, 200 बोलियां और भाषाएं, 50 अनूठे पर्व और 30 से अधिक विश्व प्रसिद्ध नृत्य शैलियां हैं। गृह मंत्री ने स्वीकार किया कि अपनी अनेक विशिष्ट विशेषताओं के बावजूद पूर्वोत्तर विकास में पिछड़ गया, क्योंकि विभिन्न विवादों के माध्यम से उग्रवाद और अलगाववाद को भड़काया गया था। हिंसा, बंद, मादक पदार्थ, नाकेबंदी और क्षेत्रवाद ने क्षेत्र को खंडित कर दिया है, जिससे न केवल पूर्वोत्तर और देश के बाकी हिस्सों के बीच विभाजन पैदा हुआ है, बल्कि क्षेत्र के भीतर राज्यों के बीच भी विभाजन पैदा हुआ है। इसके कारण क्षेत्र को विकास में 40 वर्षों की देरी का सामना करना पड़ा। इस अवधि के दौरान आतंकवाद और अलगाववादी समूह मुख्य बाधाएं रहे। गृह मंत्री ने कहा कि जब भी भाजपा सत्ता में आई है, उसने हमेशा पूर्वोत्तर को प्राथमिकता दी है।

### 10,500 से अधिक उग्रवादियों ने अपने हथियार सौंपे

गृह मंत्री शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने सभी उग्रवादी समूहों के साथ समझौते किए हैं, जिसके परिणामस्वरूप 10,500 से अधिक उग्रवादियों ने अपने हथियार सौंप दिए हैं और मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं। पिछले 10 वर्षों में उग्रवादी समूहों के साथ 12 महत्वपूर्ण समझौते किए गए हैं। 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' पहल के तहत सरकार ने पूर्वोत्तर की भाषाओं, बोलियों, संस्कृतियों, वेशभूषा, पारंपरिक नृत्यों और कलाओं का सम्मान और संरक्षण किया है। अमित शाह ने कहा कि भारत की आजादी के बाद से सभी प्रधानमंत्रियों ने पूर्वोत्तर (असम को छोड़कर) में केवल 21 दौरे किए गए, जबकि अकेले नरेन्द्र मोदी ने 78 दौरे किए हैं।

## दिल्ली की हवा साल भर रहती है प्रदूषित

**नई दिल्ली।**

स्विट्जरलैंड की वायु गुणवत्ता प्रौद्योगिकी कंपनी आईक्यूएयर की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के सबसे प्रदूषित 20 शहरों में 13 भारत के हैं। दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी है। दिल्ली की हवा में अभी भी जहर घुला हुआ है।

इसी हवा में लोग सांस लेने को मजबूर हैं। यही स्थिति राजधानी में साल भर देखने को मिलती है। कई तरह की पहल के बाद भी समस्या का निदान नहीं हो पा रहा है। स्विट्जरलैंड की वायु गुणवत्ता प्रौद्योगिकी कंपनी आईक्यूएयर की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के सबसे प्रदूषित 20 शहरों में 13 भारत के हैं। दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी है। अलग-



अलग अध्ययन बताते हैं कि राजधानी की आबोहवा को प्रदूषित करने के लिए सड़कों पर दौड़ने वाले वाहन मुख्य कारक हैं। इनसे कार्बन डाइऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड जैसी जहरीली गैसें निकलती हैं जो हवा को प्रदूषित करती हैं। दिल्ली में प्रदूषण फैलाने में सबसे बड़ा योगदान हवा का भी है।

## भारत-कतर ने आर्थिक समझौतों पर किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।**

वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि भारत और कतर ने सार्वजनिक-निजी भागीदारी की रूपरेखा एवं निवेश, वित्तपोषण साधनों के उपयोग के साथ आर्थिक नीतियों में आपसी सहयोग के प्रोत्साहन एवं विकास के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

वित्तीय और आर्थिक सहयोग के इस समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर दोनों देशों के बीच 18 फरवरी को कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी की भारत यात्रा के दौरान हस्ताक्षर किए गए थे। मंत्रालय ने कहा, 'एमओयू का उद्देश्य आर्थिक नीतियों, वित्तपोषण



साधनों के उपयोग, सार्वजनिक-निजी भागीदारी के प्रारूप एवं निवेश के क्षेत्रों में आपसी सहयोग को बढ़ावा देना और विकसित करना है।' इस एमओयू से दोनों देशों में निवेश के लिए नए एवं उभरते क्षेत्रों और अवसरों की तलाश होने की उम्मीद है। दोनों देशों के वित्त मंत्रालय आपस में संयुक्त सहयोग कॉ माडल और क्षेत्रों को बढ़ावा देंगे।

## युद्धविराम लागू करने के अमेरिकी प्रस्ताव से सहमत यूक्रेन............




**जेद्दा।**

अमेरिका यूक्रेन के बीच सऊदी अरब के जेद्दा में चल रही शांति वार्ता युद्धविराम के निष्कर्ष पर पहुंची है। यूक्रेन ने युद्धविराम लागू करने के अमेरिकी प्रस्ताव पर सहमति जता दी है। बदले में अमेरिका यूक्रेन की सुरक्षा सहायता फिर से शुरू करेगा। यूक्रेन ने मंगलवार को अमेरिका के युद्धविराम प्रस्ताव का समर्थन किया। अमेरिकी प्रस्ताव के अनुसार, यूक्रेन रूस के साथ 30 दिन का सामान्य युद्धविराम करेगा। इसके बदले में, अमेरिका ने सैन्य सहायता और खुफिया जानकारी साझा करने पर प्रतिबंध हटाने पर सहमति जताई है। सऊदी अरब में हुई शांति वार्ता के बाद एक संयुक्त बयान में कहा गया है कि दोनों पक्ष यूक्रेनी खनिजों पर जल्द से जल्द एक समझौता करने पर भी सहमत हुए हैं।

## कश्मीर से केदारनाथ तक बारिश-बर्फबारी, मैदानों में चढ़ा पारा

**नई दिल्ली।**

तेजी से बदलता मौसम चिंता पैदा कर रहा है। एक तरफ कश्मीर से केदारनाथ तक पहाड़ों पर बारिश और बर्फबारी के कारण वातावरण ठंडा है, तो दूसरी तरफ राजस्थान समेत मैदानों में पारा मार्च के दूसरे हफ्ते में ही चढ़ने लगा है। इसके अलावा गुजरात से लेकर विदर्भ पश्चिम और मध्य भारत में समय से पहले ही लू चलने लगी है। देश के कई हिस्सों में मौसम में भारी उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। कश्मीर समेत उत्तर पश्चिम भारत के पहाड़ी क्षेत्रों में जहां भारी बारिश और बर्फबारी हो रही है, वहीं राजस्थान, गुजरात समेत उत्तर, पश्चिम और मध्य भारत के मैदानी इलाकों में पारा चढ़ने लगा है। गुजरात और राजस्थान के अलग-अलग हिस्सों में अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किया गया। वहीं ओडिशा, विदर्भ, कोंकण और गोवा के अलग-अलग इलाकों में अधिकतम तापमान 38 से 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कई जगह तो समय से पहले लू भी चलने लगी है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तराखंड में केदारनाथ और आसपास के इलाकों में बारिश के साथ ही हिमपात भी हुआ है। कश्मीर में गुलमर्ग, जोजिला, राजदान पास समेत कई इलाकों में मंगलवार को दूसरे दिन भी बारिश व बर्फबारी हुई। हिमाचल प्रदेश में मनाली-केलांग नेशनल हाईवे पर सोलंगनाला से आगे तीन जगह हिमस्खलन हुआ।




## सरकार और विपक्ष के बीच नोकझोंक जारी खड़गे के 'ठोकेंगे' वाले बयान पर हंगामा

**नई दिल्ली।**

कांग्रेस ने मणिपुर को विधानसभा को बहाल करने की मांग की तथा प्रधानमंत्री मोदी से राज्य का दौरा करने का आग्रह किया। इसके अलावा लोकसभा में आव्रजन और विदेशी विधेयक 2025 पेश किया गया। बजट सत्र के दूसरे चरण के तहत आज दूसरे दिन संसद की कार्यवाही हुई।



लोकसभा और राज्यसभा में आज भी विभिन्न मुद्दों को लेकर हंगामा देखने को मिला। मतदाता सूची में कथित हेराफेरी और लोकसभा सीटों के परिसीमन के मुद्दे पर कांग्रेस और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सहित अन्य विपक्षी दलों ने राज्यसभा में भारी हंगामा किया। कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने सरकार पर शैक्षणिक संस्थानों में लोगों को 'पिछले दरवाजे' से धकेलने का आरोप लगाया। कांग्रेस ने मणिपुर को विधानसभा को बहाल करने की मांग की तथा प्रधानमंत्री मोदी से राज्य का दौरा करने का आग्रह किया। इसके अलावा लोकसभा में आव्रजन और विदेशी विधेयक 2025 पेश किया गया। सरकार ने मंगलवार को लोकसभा में आप्रवासन और विदेशी नागरिकों के भारत में आने से संबंधित प्रावधान वाला विधेयक पेश किया। विपक्ष के कुछ सदस्यों के विरोध के बीच गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने ह्यआप्रवास और विदेशी विषयक विधेयक, 2025ह्ल प्रस्तुत किया। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने नियमों का हवाला देते हुए विधेयक को पेश किए जाने का विरोध किया। समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद धर्मेंद्र यादव ने मंगलवार को लोकसभा में सरकार से आग्रह किया कि देश में पुरानी पेंशन योजना फिर से लागू की जाए ताकि सरकारी कर्मचारियों और उनके परिवारों के भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। कांग्रेस सांसद गोवाल पडवी ने मंगलवार को लोकसभा में कहा कि चीन का कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से संबंधित मॉडल ह्यडीपसीकह्ल अरुणाचल प्रदेश को भारत का हिस्सा नहीं बताता है और ऐसे में उसे प्रतिबंधित करना चाहिए तथा इस विषय को चीन की सरकार के समक्ष उठाया जाना चाहिए।

## संपादक की कलम से

### सतरंगी जीत

होली से पहले ही हमारी क्रिकेट टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर उल्लास–उमंग का ऐसा रंग दिया कि हर भारतीय निखर उठा। होली से पहले देश में दिवाली का भी जश्न मना। देश के कोने–कोने ही नहीं, दुबई के इंटरनेशनल स्टेडियम में खूब तिरंगे लहराये। वहां तन–मन पर तिरंगे अहसास मुखरित हुए। निरंतर जीत की लय में नजर आ रही टीम ने देश की धड़कनों को उस समय ऊंचाई दी जब फाइनल मैच में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हरा दिया। एक ऐसी जीत जिस पर हर भारतीय गर्व कर सके। यह भारतीय क्रिकेट डिप्लोमेसी की भी बड़ी जीत थी, जिसने बताया कि क्रिकेट जगत में भारत के दखल का कोई विकल्प नहीं है। इस बार चैंपियन ट्रॉफी का आयोजक पाकिस्तान था, जिसने स्टेडियम तैयार करने और अपनी धरती पर यह वैश्विक स्पर्धा आयोजित करने को जी–जान लगायी और पैसा खर्च किया। लेकिन बावजूद इसके आईसीसी में भारतीय वर्चस्व के चलते हमारी टीम ने कोई भी मैच पाकिस्तान में नहीं खेला। भारत ने सारे मैच तीसरे देश दुबई में खेले। फिर चैंपियंस ट्रॉफी भी जीत ली। पाकिस्तान के हुकमरान व क्रिकेट के कर्ता–धर्ता मन मसोस कर रह गये। बहरहाल, भारतीय टीम का दस महीनों में यह दूसरा विश्व खिताब है। भारत ने जून, 2024 को टी–20 वर्ल्ड कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराया था। कप्तान रोहित शर्मा को इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि उनकी कप्तानी में देश ने दूसरा आईसीसी टूनार्मेंट जीता। सही मायनों में फाइनल में उन्होंने कप्तान की पारी खेली और शानदार–धुआंधार 76 रन बनाये। निश्चित रूप से फाइनल मैच में स्पिनरों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके कसे शिकंजे का ही नतीजा था कि न्यूजीलैंड को 251 पर बांध दिया गया। फिर रोहित की पारी के अलावा श्रेयस अय्यर व केएल राहुल की शानदार पारियों ने टीम को जीत के मुहाने तक पहुंचाया। ओपनर्स रोहित शर्मा और शुभमन गिल की रिकॉर्ड शतकीय साझेदारी ने टीम में जीत का जज्बा पैदा किया। दोनों धुरंधरों ने पहले विकेट के लिये 105 रन जोड़े। बहरहाल, बारह साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी में जीता खिताब भारतीयों को उल्लास से भर गया। वहीं टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में पच्चीस साल पहले न्यूजीलैंड के हाथों मिली हार का भी बदला ले लिया। सुखद यह भी है कि हमारी टीम पूरे टूनार्मेंट में अजेय रही। उससे भी महत्वपूर्ण यह है कि भारतीय टीम तीन बार चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर टूनार्मेंट के इतिहास में सबसे सफल टीम बन गयी। यह भारतीय क्रिकेट प्रेमियों के लिये निश्चय ही गर्व की बात है। इस टूनार्मेंट की एक खास उपलब्धि रही मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की खोज। वे शुरुआत में प्रस्तावित टीम का हिस्सा नहीं थे।



ललित शर्मा
संपादक

# विदेशी आक्रांताओं के शुभचिंतकों को 'सनातन भूमि' में रहने का हक नहीं, समझे सरकार ! करे कार्रवाई !



सनातन भूमि भारतवर्ष, जिसे जम्बूद्वीप, आर्यावर्त, आसेतु हिमालय आदि विभिन्न नामों से पुकारा गया है, में मुस्लिम आक्रमणकारियों और ब्रिटिश आतताई अधिकारियों के महिमामंडन का जो सियासी होड़ जब-तब मची रहती है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। सवाल है कि इनसे जुड़े विभिन्न प्रतीक चिन्हों-स्मारकों आदि, इनके नाम पर बसाए गए गांवों-शहरों, नामांकित सड़कों या विभिन्न संस्थानों को मिटा क्यों नहीं दिया जाता, क्योंकि ये सनातन भूमि पर रिसते घाव की मानिन्द हैं।

यक्ष प्रश्न यह भी है कि आज इनकी जरूरत क्या है, किनको है और क्यों है? और यदि है तो फिर ऐसे देशद्रोहियों की यहां जरूरत है? यदि बाबर, अकबर, औरंगजेब जैसे क्रूर मुस्लिम शासकों या जनरल डायर जैसे क्रूर ब्रिटिश अधिकारियों या फिर ओसामा बिन लादेन, कसाब जैसे क्रूर आतंकवादियों का, पाकिस्तान-बंगलादेश जैसे फिरकापरस्त ताकतों के शुभचिंतक यहां हैं तो भारतीय प्रशासन का यह पहला कर्तव्य है कि राष्ट्रहित में इनकी शिनाख्त करे और इन्हें राष्ट्रीय सीमा से बाहर करे।

यह अहम बात है कि जब तक ये बाहर नहीं हो जाते, तबतक इनको मताधिकार और राष्ट्रीय जनसुविधाओं से वंचित किया जाए। इनके भारतीय पहचान पत्र निरस्त किये जाएं। क्योंकि सुलगता सवाल है कि भारत जैसे धर्मनिरपेक्ष देश में जब कोई नेता या बुद्धिजीवी सिर्फ मजहबी कारणों से जुल्मियों का महिमामंडन करने का दुस्साहस करे, तो इनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करना भारतीय प्रशासन का पहला कर्तव्य होना चाहिए। क्योंकि इस पवित्र हिन्दू भूमि पर ऐसा करते रहने की इजाजत किसी को नहीं दी जा सकती है! ऐसे देशद्रोही, सनातन द्रोही तत्वों के खिलाफ भारतीय नेताओं और प्रशासन को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। इस दिशा में कोई लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए, अन्यथा इनके हौसले बढ़ेंगे।

कहना न होगा कि जब हम इंडिया कहते हैं तो उसका अभिप्राय अफगानिस्तान, पाकिस्तान, तिब्बत, वर्मा, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, मालदीव समेत भारत के उस विशाल भूभाग से लिया जाता है, जो भारतीय उपमहाद्वीप के रूप में सुप्रसिद्ध हिन्दू भूमि है। यदि आप महाभारत को पढ़ेंगे तो पता चलेगा कि यह पूरी दुनिया ही सनातनी थी, देवत्व मिजाजी थी और जो दानव या असुर मिजाजी थे, वो हिंदुओं से अलग होते गए। फिर भी आर्यावर्त में हिंदुत्व का दबदबा हमेशा बना रहा। इसलिए चाहे मुस्लिम आक्रमणकारियों का जत्था रहा हो या ब्रिटिशर्स ईसाइयों की फौज और उससे जुड़े लोग, जो यहां पर विदेशी आक्रमणकारी बनकर आए, यहां के शांतिप्रिय लोगों पर जुल्म ढाए और फिर यहीं रच-बस गए हैं। इन्होंने हथियार के बल पर धर्मांतरण कराया और सनातन मंदिरों उनके संरक्षक रजवाड़ों को नष्ट किया।

चूंकि ये सभी बाहरी आक्रांता हैं, मंगोल या अरब से आये हैं, इसलिए इनकी असली जगह इनके मूल देशों में है, न कि सनातन भूमि में! क्योंकि इनकी सहानुभूति भारत से नहीं, बल्कि उन्हीं मुल्कों से है। हिंदुओं के नाम पर देश विभाजन करके फिर से भारत में फिरकापरस्त सियासत को बढ़ावा देना, वैसे ही संविधान का निर्माण करवाना कांग्रेस की ऐसी गलती रही है, जिसकी सजा उसे हिन्दू समाज देता आया है। क्योंकि आजादी के बाद मुसलमानों और ईसाइयों को देश से बाहर करवाना, उनसे जुड़ी स्मृतियों को समाप्त करना और भारतीय शासकों, ऋषियों-मुनियों और देवताओं की स्मृतियां कायम करवाना उसका दायित्व था, लेकिन उसने धर्मनिरपेक्षता और गंगा-यमुना संस्कृति के नाम पर हिन्दू समाज को धोखा दिया।

ऐसा इसलिए कि सनातन भूमि, देव भूमि समझी जाती है। यही ऋषियों-मुनियों की तपोभूमि है। यह अहिंसक भूमि है। जबकि मुस्लिमों-ईसाइयों का स्वभाव ही हिंसक है। ये लोग मांसभक्षी हैं और क्रूर भी होते हैं। इनके राजकाज वश, इनके संसर्ग में रहने वाले हिन्दू भी वैसे ही हो गए, जैसे ये हैं। इन्होंने फुट डालो और शासन करो की नीतियों से हिंदुओं में सामाजिक व जातीय दुर्भावना को जन्म दिया है। आधुनिक संवैधानिक व्यवस्था भले ही ऐसे तत्वों को धर्मनिरपेक्ष कहती है। लेकिन सदियों से इनका जो स्वभाव रहा है, लड़ाई-झगड़े, दंगा-फसाद की जो नियति रही है, उसके दृष्टिगत तो यही कहना उचित रहेगा कि इन्हें या तो खुद को बदलने का अवसर दिया जाए या फिर भारतीय उपमहाद्वीप से निकाल बाहर किया जाए।

बदलते वक्त की मांग है कि सनातन भूमि की नैसर्गिक जरूरतों के मद्देनजर भारतीय संविधान का पुनर्निर्माण हो। इससे पहले कोई इतना मजबूत शासक बने, जो अखण्ड भारत का निर्माण करे। साथ ही आसेतु हिमालय में रच-बस चुके सनातन द्रोहियों को हृदय परिवर्तन, स्वभाव और संस्कार परिवर्तन यानी धर्मपरिवर्तन कर हिंदुओं में शामिल होने का अवसर दे, अन्यथा जिद्दी बनकर अपने धर्म पर अडिग रहने वालों को उसी प्रकार से आसेतु हिमालय यानी भारतीय उपमहाद्वीप से निकाल बाहर करे जैसे कि अमेरिका अपने यहां के अवैध प्रवासियों को कर रहा है।

इस बात में कोई दो राय नहीं कि मुस्लिम और ईसाई आदि रह तो रहे हैं भारतीय उपमहाद्वीप में, लेकिन यशोगान करते फिरते हैं अरब और ईसाई देशों का। भारतवर्ष पर शासन करने वाले क्रूर शासकों या अधिकारियों का। खासकर सियासत में तो इनका यशोगान करने वालों पर देशद्रोह का मुकदमा चलाया जाना चाहिए। आज देश में जिस क्रूर बादशाह औरंगजेब, जो अपने पिता और भाइयों का नहीं हुआ, को लेकर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तेज हो चुके हैं।

ऐसे में औरंगजेब के उस आखिरी खत की चर्चा यहां मुनासिब है, जो खोल देगा उसका महिमामंडन करने वालों का दिमाग। क्योंकि औरंगजेब के उस आखिरी खत का जिक्र इतिहास की किताबों में हुआ है। इसमें औरंगजेब अपने पापों की कहानी खुद कहता है। विवादास्पद मुगल शासक ने अपनी मृत्यु से पहले के पछतावे में अपने किये गुनाहों का जिक्र किया है। प्रख्यात इतिहासकार राम कुमार वर्मा की लिखी किताब 'औरंगजेब की आखिरी रात' में उस खत का मजमून दिया गया है। उसे आपको पढ़ना इसलिए जरूरी है ताकि मुंबई के समाजवादी पार्टी विधायक अबू आजमी ने औरंगजेब का जो महिमामंडन किया है और उस पर विवाद बढ़ा है, उसकी असली हकीकत आप भी जान लें।

इतिहास के पन्नों में देखेंगे तो पाएंगे कि विवादास्पद मुगल शासकों में सबसे बड़ा नाम औरंगजेब का है। जिसने ने गैर-मुसलमानों पर जजिया कर जैसी भेदभावपूर्ण नीतियां लागू कीं। उसने सिखों के गुरु तेग बहादुर का सिर कलम करवा दिया था। उसने गुरु गोविंद सिंह के बेटों को जिंदा दीवार में चुनवा दिया। उसने छत्रपति शिवाजी के पुत्र संभाजी महाराज की आंखें फोड़ दीं और नाखून उखाड़ लिए। इसके शासन काल में भारत में शरियत के आधार पर फतवा-ए-आलमगीरी लागू किया और बड़ी संख्या में हिंदू मंदिरों को नष्ट कर दिया गया। उसने काशी विश्वनाथ और सोमनाथ मंदिरों को नष्ट करवाया और लाखों हिंदुओं की हत्या करवाई। -
**कमलेश पांडे**



## उदय किशोर साह
### पतझड़ की विदाई
### कविता

जंगल में खिली महुवा के फूल
फिजां में घुल गई नशे की हूल
पूर्वाई ने ली चुपके से अंगड़ाई
फगुन मस्ती की झोली भर लाई

डाली पे कूक रही कोयलिया काली
पूरब में आई दिनकर की लाली
कितना है पावन ये दिवस सुहाना
गुलशन गुलशन फूले फूल रंग नाना

पतझड़ की प्रकृति ने कर दी विदाई
नयी नयी कपोल हर डाली पे आई
पलास के फूल से सज गई उपवन
डोल रही उमंग से हर एक का तन मन

फागुन की धरा पे मस्ती है छाई
भंग की नशा मदहोश हवा को भायी
झूम रहा है वन उपवन का भी माली
मस्त हो कलियाँ बजा रही आज ताली

काश ! ये मौसम रहता सदैव दिन रात
करते रहते प्रियतमा से हम प्रेम की बात
चलो गुलशन की अब सैर करा आयें
गम से निकल सूकून पल भर का पायें

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# होलिका दहन के साथ हम अपनी नकारात्मकता और बुराइयों का दहन कर भाईचारे को मजबूत रंगों में रंगे




गोंदिया

वैश्विक स्तरपर त्योहारों के प्रतीक भारत में आदि अनादि काल, हजारों वर्षों से सभी त्यौहारों को बड़े ही आत्मीयता, उत्साह सौहार्द से मनाने की प्रथा रही है जो आज भी उसी लगन, उत्सव, आनंद से शुरू है।हर साल होली का त्योहार चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि को मनाया जाता है. रंगों के त्योहार को होली के नाम से जाना जाता है. इस बार होली का त्योहार 14 मार्च, शुक्रवार को मनाया जाएगा. होली से एक दिन पहले होलिका दहन करने की परंपरा है यानी 13 मार्च को होलिका दहन होगा।

साथियों बात अगर हम 13- 14 मार्च 2025 दो दिवसीय होलीका पर्व उत्सव की करें तो हर भारतीय त्योहार की तरह होली मनाने का भी अपना एक कारण है जिसको जानना आधुनिक युवाओं के लिए खास महत्वपूर्ण है। पौराणिक कथाओं के अनुसार प्राचीन काल में हिरण्यकश्यप नामक राक्षस राजा का पुत्र प्रहलाद, भगवान विष्णु का परम भक्त था जो उसके राक्षस पिता को पसंद नहीं था और भक्ति से विमुक्ति करने उसने अपनी बहन होलिका को यह जिम्मेदारी सौंपी, जिसे वरदान प्राप्त था कि अग्नि भी उसकी देह को जला नहीं सकती, इसलिए होलिका ने भगत प्रह्लाद को मारने उसे गोद में लेकर अग्नि में प्रवेश हो गई परंतु वह खुद जल गई पर भगत प्रल्हाद का बाल भी बांका नहीं हुआ दूसरी ओर रंग वाली होली पर्व उत्सव राधा-कृष्ण के पावन प्रेम के प्रतीक के रूप में भी मनाई जाती है। समय के बदलते परिपेक्ष में वर्तमान समय में मीडिया में इसे मनाने को लेकर अनेक पर्यावरणीय योग उपचार, स्वास्थ्य संबंधी वैज्ञानिक कारण भी बताए गए हैं। वर्तमान समय में परिस्थितियों बदल गई है, अभी 2025 की होली में रमजान के दूसरे सप्ताह में शुक्रवार के दिन होली भी मनाई जाए जा रही है इसीलिए शासन प्रशासन नागरिकों को विशेष ध्यान रखना होगा। होली के रंग में सराबोर हो आपसी सौहार्द, भाईचारा, प्रेम, सामाजिक समरस्ता का संकल्प लेना होगा शासन प्रशासन मुस्लिम कमेटीयों द्वारा भी प्रशासन द्वारा जारी की गई गाइडलाइन का पालन करने पर जोर दिया। यह कदम दोनों त्योहारों के शांतिपूर्ण आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। रमजान उल मुबारक दूसरे जुमा की नमाज होली को देखते हुए कमेटी द्वारा गाइडलाइन जारी की गई है।

(1)- रमजान का पाक महीना चल रहा है। 14 मार्च को जुमा भी है और हमारे हम वतनी भाइयों का होली का त्योहार भी है। इस दिन हिंदू भाई रंग खेलेंगे। मुस्लिम बड़ी तादात में मस्जिदों की तरफ जुम्मे की नमाज अदा करने जाएंगे। ऐसे में अपने घर से करीब मस्जिदों में नमाज अदा करें। (2)- जिन रास्तों पर होली का रंग चल रहा हो,ऐसे रास्तों से न गुजरे। बल्कि दूसरे रास्तों का चयन करके मस्जिद पहुंचे। अपनी नमाज अदा करें और अपने घरों को आए। (3)- ये मिश्रित आबादी वाली मस्जिदों पर विशेष ख्याल रखा जाए। दो शिफ्ट में नमाज अदा करें। मस्जिद की जिम्मेदार कमेटी के लोग हालात के मद्देनजर टाइमिंग को सेट कर लें। ताकि नमाज भी मुकम्मल हो जाए और नमाजियों को मस्जिदों तक आने और जाने में किसी तरह की परेशानियां ना हों।(4)- सड़कों पर नमाज न अदा करें। बल्कि मस्जिदों के अंदर से सफ्वंदी करें। तादाद ज्यादा हो तो दो शिफ्ट में नमाज अदा करें।(5)- किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान ना दिया जाए। आपसी भाईचारा बनाए रखें। सद्भावना का संदेश देते हुए दोनों त्योहार को सकुशल संपन्न कराएं।




धोखे से या गलती से रंग पड़ जाए तो बहस न करें। मानवता का संदेश देने वाले पैगंबरे इस्लाम हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के किरदार को बहैसियते मुसलमान आम करें।(6)- रमजान मुबारक का बरकत वाला महीना चल रहा है ज्यादा से ज्यादा। इबादत में वक्त गुजरे गरीबों, बेव यत्तीम, बीमारो, पड़ोसियों की मदद करें इंसानियत का पैगाम दें। (7)- देश की तरक्की के लिए दुआ करें, मुल्क में अमन चैन कायम रहे। इसके लिए अपनी दुआओं में विशेष ख्याल रखें। इबादत का महीना है। आपकी तरफ से किसी को तकलीफ ना हो। इसका ख्याल रखें। रातों को सड़कों पर नहीं घूमें। बल्कि मस्जिदों और घरों में इबादत करें। अल्लाह और उसके रसूल को राजी करें।

साथियों बात अगर हम भारतीय रेलवे प्रशासन द्वारा रेलवे परिसर में होली हुड़दंग पर नजर रखने की करें तो, होली के त्योहार के दौरान रेलवे में यात्रियों को सुरक्षित यात्रा प्रदान करने के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है, ताकि ट्रेनों के साथ-साथ स्टेशनों पर भी गुंडागर्दी पर नजर रखी जा सके। रेलवे अधिकारियों के अनुसार सुरक्षाकर्मी पटरियों, प्लेटफार्मों और ट्रेनों की निगरानी कर रहे हैं. वे त्योहार के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए रेलवे पटरियों के पास रहने वाले ग्रामीणों को शामिल करने की कोशिश कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों ने ग्रामीणों को जागरूक किया है और उनसे कहा है कि अगर उन्हें पटरियों के पास कोई संदिग्ध गतिविधि दिखे तो वे इसकी सूचना दें। सुरक्षाकर्मियों ने एंट्री और एग्जिट गेट, प्लेटफार्मों, पार्किंग, ट्रेनों और पटरियों पर गहन जांच और पैदल गश्त शुरू कर दिया है। आपराधिक घटनाओं की रोकथाम और सुरक्षा व्यवस्था के लिए जीआरपी विभिन्न रेलवे स्टेशनों के बाहरी और रेलवे ट्रैक पर गशत कर रही है और संदिग्ध व्यक्तियों की जांच और निगरानी कर रही है। आगामी त्योहारों के मद्देनजर केंद्रीय रेल मंत्री ने हाल ही में स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण को लेकर एक उच्च स्तरीय बैठक की और कई निर्देश जारी किए थे।

साथियों बात अगर हम रंगों के महोत्सव होली पर क्या करें और क्या नहीं करें को समझने की करें तो (अ) होली पर क्या करें? (1) इस मौके पर होली खेलने के लिए, गुलाल फूल, व साफ पानी का उपयोग करें। (2) सबसे पहले अपने ईष्ट को रंग लगाएं। (3) इस दिन राधा-कृष्ण और शिव-पार्वती की विधिवत पूजा करें। (4) फिर अपने घर के बड़ों को सम्मान के साथ गुलाल लगाएं और उन्हें मिठाई खिलाएं। (5) इसके साथ ही इस मौके पर भगवान विष्णु और धन, प्रचुरता-समृद्धि की देवी लक्ष्मी की पूजा करें। (6) इस दिन ज्यादा से ज्यादा दान-पुण्य करें, क्योंकि इस दिन यह बहुत लाभकारी माना गया है। (7)अपने प्रियजनों के साथ होले खेलें। (8) इस मौके पर सात्विक भोजन करें। (9) इस मौके पर अपने शत्रुओं को भी माफ कर उन्हें प्यार और होली के रंग में रंग दें।(बी )होली पर क्या न करें? (1) इस दिन किसी के साथ विवाद न करें (2) इस दिन बड़ों का अपमान न करें। (3) दूसरों के बारे में बुरा बोलने से बचें। (5) इस शुभ दिन पर तामसिक भोजन खाने से बचें। (6) इस दिन ब्रह्मचर्य का पालन करें।

साथियों बात अगर हम उपरोक्त पौराणिक और वैज्ञानिक कारणों को मानकर होली मनाने के उद्देश्य समझने की करें तो बुराई में चाहे कितनी भी ताकत हो किंतु अच्छाई की तपिश में खाक हो जाती है। इसलिए हम पिछले दो साल के कोरोनाकाल के दुखदाई क्षणों से उबर रहें हैं तो होलिका दहन के साथ हम अपनी नकारात्मकता और बुराइयों को दहन कर भाईचारे को मजबूत रंगों में रंगेआओ सब मिलकर होली के रंग में सराबोर हो आपसी सौहार्द, भाईचारा, प्रेम सामाजिक समरसता का संकल्प लेकर एक नए मजबूत भारत में प्रवेश कर अपने विजन 2047 और 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की ओर आगे कदम बढ़ाएं।

साथियों बात अगर हम होली पर्व उत्सव से प्रेरणा की करें तो, अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक, असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक यह त्यौहार हमें बताता है कि अधर्म असत्य कितना भी बलशाही क्यों न हो, हमारी ताकत, संकल्प, जुनून, जांबाजी, जजबे की ताकत उसे ध्वस्त कर देगी। यह ताकत हमें आपसी भाईचारे, सद्भाव, सौहार्द और मानवीय सामाजिक समरसता से ही मिलेगी जिसकी प्रेरणा हमें होली पर्व महोत्सव से लेने की जरूरत है। यह त्यौहार हमें भीतरी विकारों को त्यागने वह नष्ट करने की प्रेरणा सदियों से देता आया है और इस होलिका दहन पर हम सभी के विकारों का इस पवित्र अग्नि के साथ समूल नाश करें।

साथियों बात अगर हम होली पर्व उत्सव को वर्तमान आधुनिक परिपेक्ष में दूषित करने से बचाने की करें तो,होली का त्यौहार भारतीय त्यौहारों में एक महत्व रखता है ,खासकर के पूर्वोत्तर क्षेत्र में। होली का त्यौहार यूं तो आज पूरे विश्व में मनाया जाता है। भारतीय त्योहारों को मनाने के पीछे उसका उद्देश्य छिपा रहता है। यह त्यौहार प्रकृति तथा व्यक्ति के जीवन पर आधारित होता है। इसको मनाने के पीछे वैज्ञानिक तर्क भी कार्य करते हैं। होली के त्यौहार को भारत के विद्वान तथा बुद्धिजीवी लोग तो जानते हैं ,किंतु कुछ असामाजिक तत्व इसकी मयार्दा को भंग करते हैं। मयार्दा से तात्पर्य यह है कि इसके उद्देश्य को क्षति पहुंचाते हैं।

# साइकिलिंग करोगे तो रहोगे डॉक्टर से दूर: गुलशन आहूजा

वेलकम इंडिया

**हरियाणा /हिसार।** जिला साइकिलिंग संघ हिसार द्वारा जिला माउंटेन बाइक साइकिलिंग प्रतियोगिता का आयोजन आरोही स्कूल उकलाना के नजदीक किया गया। जिसका शुभारंभ स्कूल के प्राचार्य सुरेंद्र पाल वर्मा ने किया उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा की वह डिब्बा बंद प्रोटीन में वह ताकत नहीं जो घर के शुद्ध खाने में है वही खिलाड़ियों को उन्होंने घरेलू खान-पान पर भी जोर दिया। प्रचार्य ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल भी बहुत जरूरी है खेल के माध्यम से आप एक ऊंचे पद पर भी पहुंच सकते हैं। प्रतिभा का सम्मान हमेशा होता है।

उन्होंने नशे से बचने का भी आह्वान किया। समापन के मौके पर गुडविल हाइब्रिड सीड्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक



गुलशन आहूजा ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि साइकिलिंग के माध्यम से शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है। खिलाड़ी अगर प्रसिद्ध हो जाता है तो उसकी आमदनी का भी अंदाजा नहीं लगाया जा सकता उन्होंने ग्रेट खली के बारे में बोलते हुए कहा कि वह आज प्रसिद्ध खिलाड़ी के रूप में है और उनकी आय प्रतिदिन लाखों रुपए में है उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि हर खिलाड़ी को खेल के प्रति विशेष ध्यान देने की जरूरत है तभी वह आगे बढ़ सकता है।

जिला साइकिलिंग संघ के महासचिव जगदीश असीजा ने कहा खेल के लिए समय निकलेगा और अपना ध्यान केंद्रित करेगा तो ओलंपिक तक भी वह पहुंच सकता है जिले से कई खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त की है और एशियन साइकलिंग में खेले हैं यह क्षेत्र के लिए उपलब्धि है।

अंडर 14 लड़कियों के इंडिविजुअल टाइम ट्रायल मुकाबले में काफी प्रथम वंशिका आरोही स्कूल द्वितीय कोमल गोल्डन स्कूल तृतीय

लड़कों के अंडर 16 इंडिविजुअल टाइम ट्रायल इवेंट में आरडीएम स्कूल के अभिषेक प्रथम शनि द्वितीय राकेश तृतीय स्थान पर रहे। पुरुषों के इंडिविजुअल टाइम ट्रायल इवेंट में सुनील प्रथम सौरभ द्वितीय राहुल तृतीय स्थान पर रहे इस प्रकार से अनेक मुकाबले हुए।

इस मौके पर साइकिलिंग प्रशिक्षक हैप्पी असीजा भगत सिंह सुमित भ्याना लवली भुम्बक रेलू राम मनोज कुमार लविश कुमार राजकुमार वर्मा विजय कुमार मंजू रानी सिकंदर सोनू सुल्तान सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## सफाई कर्मचारी की तैनाती नहीं होने से गांवों में लगा गंदगी का अंबार

**संतकबीरनगर।** विकास खंड सेमरियावां क्षेत्र के कई ग्राम पंचायत सफाईकर्मी विहीन हैं। इन गांवों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिससे जलजनित और मच्छरजनित बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। जानकारी व मांग के बाद भी संबंधित जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं। सेमरियावां ब्लाक क्षेत्र के तिनहरी माफी, नबीपुर, बुढ़ाननगर, सैथवलिया, सिसई माफी, सुल्तानपुर, नौवाडीह प्रथम, उसराशहीद, बिगरामीर, दुधारा, धुसुरा, मदारपुर, कोहरियावां तथा उनके राजस्व गांव मिश्रौलिया, मंगुआ तथा रसूलपुर मिश्रौलिया, चैनपुर, कथकपुरवा, टेकंसी टेकंसा, अब्बासगंज, मोहम्मदगढ़, सौरहा सिहोरवां और राजस्व गांव सिहोरवा दीगर सहित 26 गांवों में सफाई कर्मचारी की तैनाती नहीं हो सकी है तो वहीं उमिला-5, खम्हरिया- 4, तेनुहारी अव्वल- 4, मुसरद-3, डारीडिहा-4, नौवाडीह द्वितीय- 4 सफाई कर्मचारी तैनात हैं जो कि आवश्यकता से अधिक हैं। जिसके कारण सफाई कर्मचारी विहीन गांवों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है।

## होली का पर्व प्यार सद्भावना और भाईचारे का संदेश देता है : अंकुश जैन( मिंकू) पार्षद

वेलकम इंडिया

होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि यह प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश देने वाला पर्व भी है। यह पर्व हमें सिखाता है कि समाज में सभी भेदभाव भुलाकर हमें एक-दूसरे के साथ प्रेमपूर्वक रहना चाहिए। खासतौर पर आज के समय में जब समाज में अनेक मतभेद देखने को मिलते हैं, ऐसे में होली का पर्व हमें आपसी सौहार्द बढ़ाने का एक शानदार अवसर प्रदान करता है।

होली का त्योहार हिंदू धर्म में विशेष स्थान रखता है। यह बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, भक्त प्रह्लाद की भक्ति से क्रोधित होकर राजा हिरण्यकश्यप ने अपनी बहन होलिका को उसे जलाने का आदेश दिया था, लेकिन भगवान की कृपा से प्रह्लाद सुरक्षित रहे और होलिका जलकर भस्म हो गई। तभी से होली का



त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में मनाया जाता है।

आज के दौर में जब समाज में कई तरह की वैमनस्यता देखने को मिलती है, ऐसे में हमें इस त्योहार का सही संदेश समझकर इसे प्रेम और भाईचारे के साथ मनाना चाहिए। होली का असली आनंद तभी है जब सभी वर्ग, जाति और संप्रदाय के लोग मिलकर इसे हंसी-खुशी मनाएं। हमें अपने आस-पड़ोस, दोस्तों और परिवार के साथ मिलकर होली का उत्सव मनाना चाहिए और किसी भी प्रकार की दुश्मनी या कटुता को भूल जाना चाहिए।

हमें इस त्योहार को मनाने के दौरान पर्यावरण का भी ध्यान रखना चाहिए। केमिकल युक्त रंगों की बजाय प्राकृतिक रंगों का प्रयोग करें ताकि त्वचा और स्वास्थ्य पर कोई बुरा असर न पड़े। साथ ही, पानी की बबार्दी को रोकना भी हमारी जिम्मेदारी है। सूखी होली खेलकर हम जल संरक्षण में योगदान दे सकते हैं।

इसके अलावा, होली के अवसर पर हमें अपने आस-पास के जरूरतमंद लोगों का भी ध्यान रखना चाहिए। गरीब बच्चों और परिवारों के साथ खुशियां बांटना इस पर्व को और भी खास बना सकता है।

## एसडीएम ने राजनीतिक दलों के नेताओ के साथ की बैठक



**संतकबीरनगर।** उप जिलाधिकारी/निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी खलीलाबाद शैलेश दुबे की अध्यक्षता में विधानसभा 313-खलीलाबाद में निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य राजनीतिक दलों के साथ खलीलाबाद तहसील सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में मतदाता सूची के विषय में सभी राजनीतिक दलों से विस्तृत चर्चा हुई एवं सभी राजनीतिक दलों के द्वारा उठाए गए मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया जिससे मतदाता सूची की सुचिता एवं शुद्धता सुनिश्चित की जा सके। बैठक में सभी राजनीतिक दलों से बूथ लेवल एजेंट बनाए जाने के संबंध में भी विशेष अनुरोध किया गया है। इस अवसर पर तहसीलदार खलीलाबाद जनार्दन सहित जनपद के राजनीतिक दलों के पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने आगामी पर्व होली व रमजान के दृष्टिगत थाना कोतवाली खलीलाबाद में आयोजित की पीस कमेटी की मीटिंग



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने आगामी पर्व होली, रमजान / ईद उल फितर व अन्य धार्मिक और सांस्कृतिक त्यौहारों के दृष्टिगत मंगलवार को थाना कोतवाली खलीलाबाद पर पीस कमेटी की मीटिंग की जिसमें गाँव के संभ्रांत व्यक्ति / ग्राम प्रधान व अन्य लोगों ने पीस कमेटी की मीटिंग में भाग लिया। लोगों से शांति व भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की तथा त्यौहार के दौरान गड़बड़ी पैदा करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही हेतु सख्त हिदायत दिया गया तथा उपस्थित लोगों को भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने तथा त्यौहार को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु अपील किया गया साथ ही साथ संबंधित को निर्देश भी दिया गया कि सभी थाना प्रभारी/ चौकी प्रभारी/ हल्का प्रभारी / बीट प्रभारी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए धर्मगुरू/ जनमानस से संवाद स्थापित कर समस्याओं से अपने उच्च अधिकारी को तत्काल अवगत कराये।

# मिसेज वर्ल्ड का खिताब जीतकर मोनालिसा पहुंची संघर्ष सेवा समिति कार्यालय

वेलकम इंडिया

**झाँसी।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मलेशिया में आयोजित मिसेज वर्ल्ड प्रतियोगिता में झांसी की मोनालिसा ने उपविजेता का खिताब जीतकर झांसी जनपद सहित प्रदेश और पूरे देश का नाम रोशन किया है। इसके पूर्व भी मोनालिसा राजस्थान में आयोजित मिसेज इंडिया इंटरनेशनल का खिताब जीत चुकी है।

मलेशिया से लौटते हुए भारत की धारा पर उतरने के बाद वे सीधे संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पहुंची जहां ढोल नगाड़े और पुष्प वर्षा के साथ उनका स्वागत किया गया तत्पश्चात बुके व रानी लक्ष्मी बाई की मूर्ति भेंट कर उन्हें सम्मानित भी किया गया। उन्होंने पूरे कार्यालय का भ्रमण किया एवं कार्य प्रणाली के बारे में सदस्यों एवं समिति के



संस्थापक डॉ० संदीप व उनकी धर्मपत्नी सपना सरावगी से बातचीत भी की।

मोनालिसा ने अपने जीवन वृतांत के बारे में बताते हुए कहा बचपन से ही उनके मन में इस क्षेत्र में काफी रुचि थी। माता-पिता के सहयोग के बाद ससुराल में भी उन्हें पूरा सहयोग मिला। वे लगातार दृढ़ संकल्पित होकर प्रयास करती रहीं और उनके प्रयासों मैं उन्हें सफलता भी मिली। मोनालिसा के श्वसुर शेखर सोनी समाजसेवी डॉ० संदीप सरावगी के जेष्ठ भ्राता के समान हैं। उनके बारे में बातचीत करते हुए मोनालिसा ने कहा मेरे पिता तुल्य डॉक्टर संदीप सरावगी जो समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। आज मेरा उनके कार्यालय पर आगमन हुआ समाचारों के माध्यम से कई बार मैंने संघर्ष सेवा समिति के बारे में पड़ा था लेकिन आज स्वयं यहाँ आकर इनकी कार्य प्रणाली को देखा जो वास्तव में प्रशंसा योग्य है।

इस अवसर पर मोनालिसा की श्वश्रु संगीता सोनी, पति अभय सोनी सहित उनके परिवार से विकास सोनी, विवेक सोनी, नमो श्री, अंकित गुप्ता, राम अवतार, सिमरत जिज्ञासी, रक्षा शर्मा, ट्विंकल बंसल, मीना मसीह, अनीता कुशवाहा, भावना अग्रवाल, उर्मिला, कुसुम कुशवाहा, नेहा चौबे, रानी वर्मा, नीलू रायकवार, जावेद मंसूरी, सचिन राय, रोहित, वीरु रामगढ़, दीपक सिंह सोमंती, सुमन वर्मा, लक्ष्मी, हेमलता कुशवाहा, सपना, चमेली, नैंसी नामदेव, दीक्षा साहू, आशीष विश्वकर्मा, सूरज वर्मा, राजू सेन, अरुण, बसंत, सुशांत, मास्टर मुन्ना लाल मेहता, भावना, अलीशा आदि उपस्थित रहे।

# बागेश्वर जिले में शुरू हुई हैली सेवा

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर।** बागेश्वर जिले को हैली सेवा के रूप में एक नई सौगात मिली है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को देहरादून-बागेश्वर-देहरादून और बागेश्वर हल्द्वानी-बागेश्वर हैली सेवा का वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। यह महत्वपूर्ण सेवा उत्तराखंड नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (यूकाडा) के तत्वावधान में उड़ान योजना के तहत शुरू की गई है। हैली सेवा नागरिकों और पर्यटकों दोनों के लिए सुविधाजनक होगी। मेला डूंगरी गरुड़ स्थित हैलीपैड पर दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट,विधायक पार्वती दास,सुरेश गढ़िया,जिलाधिकारी आशीष भटगांई,एसपी चंद्रशेखर आर घोड़के ने देहरादून से आए पहले यात्रियों के जत्थे एवं पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी का स्वागत किया। इस दौरान सभी भाजपा नेताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री का माल्यार्पण कर स्वागत किया।पूर्व




मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि जिलेवासियों को कम समय में देहरादून और हल्द्वानी जाने के लिए यात्रियों को सुविधा होगी और समय की भी बचत होगी।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लगातार प्रदेशवासियों के हितों के लिए कार्य कर रही है।दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट,विधायक पार्वती दास एवं सुरेश गढ़िया ने जिले में हैली सेवा शुरू करने पर मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया और जनपदवासियों को शुभकामनाएं दी। विधायक सुरेश गढ़िया ने कहा कि मुख्यमंत्री ने राज्य के विकास और आम जनता को देश-दुनिया से जोड़ने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किया है। विधायक पार्वती दास ने कहा कि हैली सेवा का शुभारंभ न केवल क्षेत्र के विकास में एक मील का पत्थर है,बल्कि यह नागरिकों की सुविधा और आपातकालीन जरूरतों को पूरा करने में भी सहायक होगी। दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि इस सेवा से क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और सामाजिक एवं आर्थिक विकास को गति मिलेगी।जिलाधिकारी ने हैली सेवा शुरू होने पर जनपदवासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हैली सेवा से जिले का पर्यटन तेजी से विकसित होगा,जिससे स्थानीय व्यवसाय और रोजगार को भी लाभ पहुंचेगा।जिलाधिकारी ने कहा कि हैली सेवा स्थानीय निवासियों और यात्रियों के लिए एक अत्यंत उपयोगी सुविधा साबित होगी।


## होली पर नवाज को लेकर चौकी प्रांगण मे बैठक का आयोजन

**बुगरासी।** मंगलवार को बुगरासी चौकी प्रांगण में एसओ नरसेना रितेश सिंह ने एक बैठक का आयोजन कर मस्जिद में रहने वाले मौलानाओं को बताया कि होली वाले दिन कोई भी दो बजे से पहले नवाज ना पढ़े।सभी मौलाना मस्जिदों से ऐलान करेंगे कि दो बजे से पहले कोई भी नवाज पढ़ने ना आये। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ शरारती तत्व माहौल बिगाड़ने की फिराक में रहते हैं उन पर कडी नजर रखें। जानकारी होने पर फौरन पुलिस को फोन करके बतायें दस मिनट में पुलिस मौके पर पहुंचेगी और उनको कानून के होने का एहसास करा देगी। दोनों समुदाय के लोग त्यौहारों को सद्भावना के साथ मनायें।इस अवसर पर मजहर हुसैन फैज खा मौहम्मद सादिक मौहम्मद अजमल मौहम्मद उमर कैफ बिलाल काजिया अहमद अली सहित कई दर्जन मौलवी मौजूद रहे।

## न्यायालय से फरार चल रहे पास्को व दुष्कर्म के आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने की कुर्की की कारवाई

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** पास्को ऐक्ट व दुष्कर्म के फरार आरोपी बखिरा थानांतर्गत जोगिडीहा गांव निवासी एक युवक के घर के सामानों की कुर्की मंगलवार को सोनहा थाना जनपद बस्ती के एसआई रवींद्र कुमार शुक्ला के नेतृत्व में आयी पुलिस के द्वारा की गयी।साथ ही चेतावनी दी गयी कि अगर अभियुक्त न्यायालय हाजिर नहीं हुआ तो इससे भी सख्त से सख्त करवाई की जायेगी।



एसआई रविन्द्र कुमार शुक्ला ने बताया कि जनपद संतकबीरनगर के बखिरा थानांतर्गत ग्राम जोगिडीहा निवासी अभियुक्त रामाशीष पुत्र जगदीश के खिलाफ बस्ती जनपद के सोनहा थाने में पास्को ऐक्ट व दुष्कर्म का मुकदमा पंजीकृत है।जिसमें अभियुक्त के हाजिर न होने के कारण कुर्की व गैर जमानती वारंट न्यायालय से जारी हुआ।जिसके क्रम में बीते 22जनवरी को अभियुक्त के घर जाकर कुर्की व वारंट जारी होने की नोटिस चस्पा करने के साथ ही डुग्गी मुनादी कराई गई थी कि अगर अभियुक्त न्यायालय हाजिर नहीं हुआ तो उसके खिलाफ कुर्की की करवाई की जायेगी।उसके बाद भी अभियुक्त के न्यायालय हाजिर न होने के कारण मंगलवार को हमराही सिपाही संजय यादव के साथ अभियुक्त के घर पहुंचकर गवाहान के समक्ष कुर्की की कारवाई की गयी।साथ ही यह चेतावनी दी गयी कि अगर अभियुक्त इसके बाद भी न्यायालय हाजिर नहीं होता है तो उसके विरुद्ध इससे भी सख्त से सख्त कारवाई की जायेगी।

# बारी नगला के जया लॉन में इंद्रधनुष कार्यक्रम का सुंदर आयोजन संपन्न हुआ

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** हर बच्चा प्रतिदिन विद्यालय आए यह बात खंड शिक्षा अधिकारी पूरन सिंह ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय वारी नगला के वार्षिकोत्सव एवं शारदा संगोष्ठी के आयोजन जो इंद्रधनुष के नाम से जया लॉन बारी नगला में आयोजित किया गया में कही, उन्होंने विशेष जोर देते हुए कहा कि जब तक अभिभावक अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय नहीं भेजेंगे तब तक भौतिक संसाधनों के रूप से बेहतर विद्यालय भी गुणवत्ता युक्त शिक्षा नहीं दे सकता। इसलिए शारदा संगोष्ठी का यही संदेश है कि सभी अभिभावक अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजें। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे के सम्मुख खंड शिक्षा अधिकारी पूरन




सिंह एवं एसआरजी डॉ. अनिल चौबे, डॉ. लक्ष्मी शुक्ला एवं ग्राम प्रधान वारी नगला शिव कुमार पटेल के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय वारी नगला के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया, बच्चों ने इस इंद्रधनुष कार्यक्रम में विभिन्न रंगों से सजाए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। सभी अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. विनोद कुमार शर्मा सहायक अध्यापक, नवनीत यादव, प्रीति शर्मा व आशा राणा के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मानवेंद्र सिंह यादव ने की, इस अवसर पर 100 प्रतिशत उपस्थित वाले बच्चों, सभी कक्षाओं के एक निपुण बालक और एक निपुण बालिका और उनके अभिभावक के साथ विद्यालय के सर्वाधिक अनुशासित बच्चे, सर्वाधिक सहयोग करने वाले बच्चों में क्रमशः सिया, हिमांशु, देवेन्द्र, स्वाति, केतन, वर्षा, ब्रजेश, प्रियांशी, नितेश, अंकुश, राजवीर, राजू, संध्या, भावना, शिवम्, प्रिया, कमलेश को पुरस्कृत भी किया गया और साथ ही विद्यालय के सबसे जागरूक माता अभिभावक को क्राउन पहना कर उसका सम्मान किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे और मानवेंद्र सिंह यादव ने अपने उद्बोधन में विद्यालय संचालन और इस कुशल आयोजन की भूरि भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम के अंत में बच्चों द्वारा होली पर्व से संबंधित एक विशेष रंगारंग कार्यक्रम को लेकर मोहक प्रस्तुतियां दी गई, जो होली के पर्व के महत्व को दर्शाने वाली थी। जिसमें सभी ने मिलकर प्रतिभाग किया और एक दूसरे को होली के पर्व की मंगल बधाई दी। सभी आमंत्रित अतिथियों को विद्यालय परिवार की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

इस अवसर पर महिला शिक्षक संघ की ब्लॉक अध्यक्ष रेनू गुप्ता, आशुतोष शर्मा, जूनियर हाई स्कूल शिक्षा संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सुशील कुमार, धर्मेंद्र पटेल, सूरज सक्सैना, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की वार्डन स्नेह लता का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक तलत परवीन, संतोष मिश्रा, कल्पना पांडे, नरेंद्र सिंह, गजेंद्र कुमार तथा बड़ी संख्या में अभिभावक, शिक्षक और ग्रामवासी उपस्थित रहे। अंत में विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत आमजन को सुरक्षा का अहसास दिलाया गया



**संतकबीरनगर।** मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने आगामी त्यौहारों होली, रमजान के दौरान जनता मे सुरक्षा भावना को बढ़ाने के दृष्टिगत प्रभारी निरीक्षक थाना मेंहदावल सतीश कुमार सिंह की उपस्थिति में मय आवश्यक पुलिस बल के साथ थाना मेंहदावल क्षेत्रान्तर्गत कस्बा मेंहदावल, पक्का पोखरा, मेंहदावल चौक आदि क्षेत्रों में पैदल गश्त किया साथ ही साथ जुलूस मार्ग का पैदल भ्रमण किया तथा होलिका दहन स्थल का निरीक्षण किया व मंदिर/मस्जिद के धर्म गुरुओं से भी वार्ता की। त्यौहारों को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गश्त के दौरान आम नागरिक से सीधा संवाद स्थापित कर उनको सुरक्षा का भरोसा दिलाया तथा त्यौहार के दौरान गड़बड़ी पैदा करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही हेतु सख्त हिदायत दिया तथा उपस्थित लोगों को भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने तथा त्यौहार को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु अपील किया।

# ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत विदुर ब्राण्ड उत्पादो का किया प्रचार-प्रसार

**वेलकम इंडिया**



**नूरपुर** : उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत विदुर ब्राण्ड उत्पादों के प्रचार-प्रसार हेतु विकास खण्ड नूरपुर के सभागार में विद्यालयों के प्रधानाचार्यो एंव ग्राम प्रधानगणों के साथ एक कायार्शाला का आयोजन किया गया। जिसमें जिले भर से आय समूहों द्वारा अपने-अपने उत्पादों के स्टाल लगायें गये।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख आकांक्षा चौहान एवं सलीम अंसारी सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी) द्वारा किया गया। कायार्शाला में खण्ड विकास अधिकारी नूरपुर दिनेश पाल शर्मा एंव खण्ड शिक्षा अधिकारी नूरपुर द्वारा सभी से उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वंय सहायता समूहो द्वारा विभिन्न उत्पादों को निर्मित किया जा रहा है। जिनके दैनिक प्रयोगार्थ समान अपने-अपने घरों में प्रयोग करने का अहवान किया तथा सभी स्कूलों में विदुर ब्राण्ड मसाले व तेल प्रयोग करने के आदेश दिये। कार्यक्रम का ब्लाक प्रमुख आंकाक्षा चैहान ने फीता काट कर उदघाटन किया। सलीम अहमद सहायक विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में समूह की महिलाओं के द्वारा साबुन, डिटर्जेन्ट पाऊडर, क्लीनर हैण्ड वाश, आचार मुरब्बा, शहद, पापड़ डाले, चाय की पत्ती, रेडीमेड गारमेन्ट, हर्बलटी, हैण्ड लूम, घी, सेनीटरी पैड, सिरका आदि सभी सामान बनाया जा रहा है। विकास खण्ड नूरपुर में भी 50 से अधिक समूहो द्वारा दैनिक प्रयोग की वस्तुओ का निर्माण कराया जा रहा है। ब्लाक प्रमुख आंकाक्षा चैहान ने इस अवसर पर विकास खण्ड एंव प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर विदुर आउट लेट खोलने की घोषणा की।

इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) करूणा चैहान ब्लाक मिशन प्रबन्धक मुनेश,छोटन एंव डोली चैहान, निशा, शीतल, चेष्टा, प्रीति, ज्योति, पूनम, अनीता,लक्ष्मी, नीतू, सीमा, स्वाति आदि मौजूद रहे।

## त्योहारों के चलते बाबूगढ थाना प्रभारी ने नगर मे किया फ्लैगमार्च

(हापुड़) मंगलवार को बाबूगढ़ थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता ने भारी पुलिस बल के साथ नगर बाबूगढ़ छवनी क्षेत्र में घूम कर फ्लैग मार्च निकाला। क्षेत्र के लोगों से त्योहारों को शांतिपूर्वक बनाने की अपील की।और कहां की त्योहार के समय में माहौल बिगाडने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।ऐसे लोगों की सूचना तुरंत पुलिस को दें, किसी भी हाल में माहौल खराब नही करने दिया जाएगा।इस दौरान नगर के समस्त बाजारों में पैदल घूम कर फ्लैग मार्च किया गया।

# एसडीएम और सीओ ने आगामी त्योहारों के मद्देनजर पुलिस फोर्स के साथ की गश्त

**वेलकम इंडिया**



**टाण्डा जिला रामपुर।** एसडीएम और सीओ ने आगामी होली इत्यादि त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल के साथ नगर और क्षेत्र में गश्त की। उन्होंने लोगों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की। इसके अलावा उन्होंने अधीनस्थों को हर छोटी-बड़ी घटना पर पैनी नजर रखने और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने नगर पालिका टाण्डा और नगरपंचायत दढ़ियाल के अधिशासी अधिकारी को त्योहारों के मद्देनजर साफ-सफाई और पेयजलापूर्ति आदि की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मंगलवार को उपजिलाधिकारी कुमार गौरव सीओ कीर्तिनिधि आनन्द ने पुलिस बल के साथ आगामी होली इत्यादि त्योहारों के दृष्टिगत कस्बा टांडा , कस्बा दढ़ियाल और ग्राम सिकंदराबाद एवं अब्बास नगर में होलिका दहन स्थल का निरीक्षण करने के साथ ही सघन आबादी वाले क्षेत्रों तथा होली जुलूस के रूट पर पैदल गश्त की, संबंधित अधिकारियों को साफ सफाई और विद्युत तारों से सुरक्षा के दृष्टिगत निर्देश भी दिए। दोनों अधिकारियों ने त्यौहारों को परंपरागत रूप से मनाये जाने के संबंध में अधीनस्थों को निर्देशित करते हुए कहा कि त्यौहार के दौरान शांति-सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सभी त्योहारों को परंपरागत तरीके से ही संपन्न कराएं, किसी नई परंपरा की शुरूआत नहीं होनी चाहिए।

## जेई पर ट्रेक्टर चढ़ाने का प्रयास करने का आरोपी गिरफ्तार




**वेलकम इंडिया**

**टाण्डा जिला रामपुर।** पुलिस ने सीसी रोड को क्षतिग्रस्त करने और जेई पर ट्रेक्टर चढ़ाने का प्रयास करने के आरोपी को मंगलवार को ट्रेक्टर सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से एक तमंचा और दो कारतूस भी बरामद किए हैं। आरोपी का चालान कर दिया गया है।

लोकनिर्माण विभाग के अवर अभियंता मोहम्मद आजम ने पुलिस को बताया कि ग्राम महुआखेडा से ग्राम कैथोला के मार्ग की मरम्मत का कार्य चल रहा है।सोमवार को ग्राम महुआखेडा में सीसी रोड का निर्माण कार्य चल रहा था जब ग्राम महुआखेडा के तौफीक पुत्र अकबर अली के घर के सामने सी०सी० रोड का निर्माण कार्य शुरू हुआ तो तौफीक के द्वारा अपने घर के सामने स्लेब डालने के लिये दबाव बनाया जाने लगा, जब जेई द्वारा निजी कार्य को करने से मना किया गया तो आरोप है कि तौफीक ने जेई के साथ गालीगलौच की और अपने घर से ट्रेक्टर लाकर घर के सामने बने सीसी रोड को ट्रेक्टर से क्षतिग्रस्त कर दिया तथा सरकारी कार्य बाधित किया।आरोप है कि तौफीक ने जेई व लेबर को जान से मारने की नियत से ट्रेक्टर चलाया, जिससे वे बाल-बाल बच गए। पुलिस ने तरहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी हेतु प्रयास शुरू कर दिए। मंगलवार को पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि जेई के ऊपर ट्रेक्टर चढाने का प्रयास करने वाले मुकदमे का आरोपी तौफीक ग्राम जटपुरा की पुलिया हाईवे के पास मुवाना की तरफ नहर के कच्चे रास्ते पर घटना में प्रयुक्त ट्रेक्टर के साथ खड़ा है और कहीं जाने की फिराक में है।पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को ट्रेक्टर सहित गिरफ्तार कर लिया।

# प्रयागराज के मशहूर डांस कोरियोग्राफर एवं कोषाध्यक्ष कल्याणी लोक सेवा समिति सचिन निषाद समाजसेवक

**वेलकम इंडिया**



**प्रयागराज।** प्रयागराज में जाने-माने फिल्मी दुनिया में बॉलीवुड डांस कोरियोग्राफर सचिन निषाद गरीब बच्चों को फ्री में डांस सिखाते हैं और शूटिंग एल्बम कई हिंदी फिल्मों और भोजपुरी में काम कर चुके हैं अब वह समाज सेवा कर रहे हैं हर साल गरीब निर्धन बेटियों की जो दहेज से पीड़ित मां-बाप हैं उनकी शादी करवा रहे हैं अपनी संस्था कल्याणी लोक सेवा समिति से आप सभी के आशीर्वाद से हर साल 15 -20 जोड़ी सामूहिक विवाह सम्मेलन सर्वजातीय सामूहिक विवाह हो रहा है और शादी का कोई भी काम हो लेडिस संगीत शूटिंग एल्बम पिक्चर भोजपुरी हिंदी सभी के लिए यह काम करते हैं प्रयागराज में उनकी एक अलग पहचान है कक्षा 10 से सचिन निषाद डांस कर रहे हैं और गरीब बच्चों को फ्री में डांस सिखाते हैं स्कूल कॉलेज लेडीज संगीत शादी कोरियोग्राफी सभी जगह सचिन कुमार डांस करवाते हैं इनका और इनके परिवार का सपना है कि गरीब बच्चों के लिए स्कूल खोलना और वृद्ध आश्रम खोलने के लिए काम करेंगे. इसी दौरान कल्याणी लोक सेवा समिति के अध्यक्ष रूपाली अवस्थी सहयोग योगदान के लिए समाज के लिए योगदान कर रहे हैं आगामी आने वाले समय पर कल्याणी लोक सेवा समिति के तरफ से 2026 में 21 जोड़ो का सामूहिक विवाह काम करने का प्रयास करेगी.

## समाज मे महिला शक्ति को दशार्ती महिलाओ का सम्मान हुआ




**वेलकम इंडिया**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में रूद्रा एवेंट्स के डायरेक्टर अमरीश सिंह और फाउंडेशन एकता सिंह द्वारा आयोजित महिला दिवस पर सम्मान समारोह अ.र कॉन्टिनेंटल होटल मे जिसमे किनर अखाड़े की महामंडलेश्वर कौशल्या माँ मुख अतिथि रही समाज मे महिला शक्ति को दशार्ती महिलाओ का सम्मान हुआ ताकि महिलाओ को और आगे बढ़ने की हिम्मत मिले सम्मानित महिलाओ मे शामिल डॉ रश्मि,नीलाम प्रसाद लक्ष्मी,पूनम सिंह,शुभ्रा चतुवेर्दी,सना परवीन,शबाना,और भी बहुत महिलाएं रूद्रा एवेंट्स ऐसा ही समाज मे काम करता रहेग ताकि लोग और समाज आगे बढे।

## राज्यपाल ने किया दर्शन-पूजन



**वेलकम इंडिया**

**वाराणसी।** लोलार्क कुण्ड स्थित श्री लॉलरकादित्य के दर्शन पूजन के निमित उतर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल महोदया पधारी उनका दर्शन पूजन श्री महंत लिंगिया महाराज (प्रमुख मंदिर काशी) दर्शन पूजन अर्चन कराया आशीर्वाद दिया। तत्पश्चात लोलार्क कुण्ड एवम् बाबा लॉलारक्रेश्वर महादेव के इतिहास के बारे में अवगत कराया।

## अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब द्वारा सीतापुर में पत्रकार के हथियारों की गिरफ्तारी के संबंध में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**वेलकम इंडिया**

**चांदपुर** : अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब रजि. द्वारा पत्रकार के हत्यारो की गिरफ्तारी के संबंध में एसडीएम तथा सोओ को एक ज्ञापन सोपा गया। अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब रजिस्टर्ड द्वारा सीतापुर जिले के पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की निर्मम हत्या पर एक बैठक कर हत्यारों की निंदा की। और प्रशासन से हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने तथा उन्हें कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। बाद मेंअखिल भारतीय पत्रकार प्रेसक्लब ने एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी और सीओ चांदपुर को सोंपा। ज्ञापन देने वालों में अनिल शर्मा जिला अध्यक्ष, विनोद शर्मा राष्ट्रीय सह सचिव, मोहम्मद शाहिद कासमी, नवाब अहमद, आफताब आलम, बहादुर शाह जफर, मोहम्मद अरशद, शक्ति शर्मा, नसीम अहमद आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# नारी आज न सिर्फ सशक्त हो रही बल्कि लोगों को भी बना रही: आरती सेठ

**वेलकम इंडिया**



**वाराणसी।** वाराणसी जिला अध्यक्षता सरिता सर्राफ राष्ट्रीय मानव अधिकार व महिला बाल विकास आयोग की मंडल अध्यक्षता एवं कार्यक्रम संयोजक के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भव्य रूप से कार्यक्रम संपन्न राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं बाल विकास आयोग के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीष गिरी अपने पूरी टीम के साथ बस्ती जिला एवं गाजीपुर सैदपुर हरहुआ सें लगभग ढाई सौ महिलाओं को किया गया सम्मान नारी सृजन सम्मान और शक्ति की अद्वितीय प्रतीक है नारी आज न सिर्फ सशक्त हो रही है बल्कि लोगों को भी सशक्त बना रही है महिला सम्मान अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' के अवसर पर व्यक्त किये उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज एसोसिएशन द्वारा ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अपराजिता सोनकर नें कहा महिलाओं की अहम भूमिका है नारी सशक्तिकरण के माध्यम से ही समाज और राष्ट्र को और अधिक मजबूत बनाया जा सकता है नारी शक्ति आत्मनिर्भर बनेगी तो 'आत्मनिर्भर भारत'की संकल्पना भी साकार होगी ऐसे में नारी का आर्थिक सशक्तिकरण आज सिर्फ एक जरूरत ही नहीं बल्कि विकास और प्रगति का अनिवार्य तत्व है !जिसमें मुख्य रूप सें पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वाराणसी अपराजिता सोनकर,संयोजक एवं जिला अध्यक्षता सरिता सर्राफ,एसीपी कोतवाली प्रज्ञा पाठक,आरती सेठ,बेबी सेठ,अनीता वर्मा,मीनाक्षी सेठ,मिरा गुप्ता,प्रेमा वर्मा,सुनीता सिंह,ज्योति पाण्डेय,शिवकुमार शुक्ला,नीलिमा मिश्रा,कपिल देव यादव,उपस्थित रहें !

# धार्मिक स्थलों के पास विशेष साफ सफाई कराएं: नगरायुक्त

**वेलकम इंडिया**



**सहारनपुर।** नगरायुक्त संजय चौहान ने रमजान एवं होली आदि पर्वो के मद्देनजर सभी धार्मिक स्थलों के आस पास विशेष साफ सफाई के आदेश स्वास्थय विभाग को दिए हैं। वार्ड 25 कोरी माजरा के दीपक कुमार ने कोरी माजरा में धार्मिक स्थलों के निकट साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। इसके अलावा वार्ड 6 बालपुर की सफाई सम्बंधी एक शिकायत का तत्काल निस्तारण कराया गया। नगर निगम में आज जनसुनवाई के दौरान पांच शिकायतें प्राप्त हुई। बाकि शिकायतों के सम्बंध में सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई कराने के निर्देश दिए गए। उपरोक्त शिकायतों के अतिरिक्त वार्ड 27 रोहिणी गार्डन की आशा ने कॉलोनी में अतिक्रमण हटाने के लिए तथा वार्ड 36 मुस्तफाबाद कॉलोनी के अलताफ ने एक महिला द्वारा सड़क पर शौचालय बनाकर सरकारी रास्ते पर किये गए अतिक्रमण को हटाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया जिस पर नगरायुक्त ने प्रवर्तन दल प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए। वार्ड 6 हलालपुर के मेघराज ने गृहकर व जलकर बिल ठीक कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। बैठक में अपर नगरायुक्त राजेश यादव व मृत्युंजय, मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह व महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# श्री सिद्धिविनायक महाविद्यालय एनएसएस विशेष शिविर का हुआ रंगारंग

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा/गोवर्धन।** श्री सिद्दी विनायक महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ। विशेष शिविर में स्वयंसेविकों ने सात दिन तक जागरूकता रैली, स्वच्छता मिशन, स्वास्थ्य, साक्षरता, वृक्षारोपण आदि कार्यक्रमों से कस्बा वासियों को जागरूक किया। विद्यार्थियों ने कस्बा गोवर्धन, चारधाम, ग्राम अडींग सूरसाधना स्थली, चंद्र सरोवर, कमल कुंड, परिक्रमा मार्ग आदि पर श्रमदान किया। एनएसएस विशेष शिविर समापन समारोह पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विनय बौद्ध मिशन शक्ति प्रभारी, महाविद्यालय निदेशक नंदकिशोर शर्मा एडवोकेट, श्रीमती मधु शर्मा ने श्री गडेश जी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया। मुख्य अतिथि विनय बौद्ध ने एनएसएस की छात्रायों से कहा की किसी भी प्रकार की समस्या होने पर और रात को 10 बजे से सुबह 06 बजे तक अगर घर जाने के लिये किसी छात्रा को वाहन नही मिल रहा है सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला हेल्पलाइन 112 और 1090 पर बिना डरे कॉल करें।

निदेशक नंदकिशोर शर्मा एडवोकेट ने राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर के सफल संचालन के लिए कार्यक्रम अधिकारी भारत उपाध्याय की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए हार्दिक बधाई दी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्रा अंजली ने होली नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। अन्य कार्यक्रमों में गीतकाव्य, दहेज नाटक, भजन, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम, राजस्थानी लोकनृत्य, देशभक्ति गीत, होली गायन, झूमर नृत्य, आदि की रंगारंग प्रस्तुतियां छात्रायों ने दी। प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार शर्मा एवं सतीश शर्मा ने सभी अतिथियों का पटुका उड़ाकर और गिर्राज जी की छवि देकर स्वागत किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी भारत उपाध्याय ने बताया कि सात दिन तक विद्यार्थियों ने सामाजिक जागरूकता के अभियान में जो अलख जगाई है उसका कस्बावासी जरूर ध्यान रखेंगे। संचालन कार्यक्रम अधिकारी भारत उपाध्याय एवं पीटीआई दिलीप यादव ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार शर्मा, कार्यकम अधिकारी भारत उपाध्याय एडवोकेट, पीटीआई दिलीप यादव, विपुल शर्मा, सतीश शर्मा, टीकम सिंह रजावत, भानु अग्रवाल, हारून कुरैशी, जे.पी सिंह, पवन, विष्णुकांत शर्मा, के.पी सिंह, राजेश शर्मा चौधरी आदि रहे।

# गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने कच्ची अपमिश्रित शराब माफियाओं पर प्रभावी कार्यवाही के चलते ड्रोन कैमरे से की निगरानी

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर**/एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के आदेश अनुपालन में आगामी त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिगत होली के पर्व को सकुशल संपन्न कराने को लेकर कच्ची/अपमिश्रित/अवैध शराब बनाने/बेचने वालों पर प्रभावी कार्यवाही करने को लेकर गढ़मुक्तेश्वर थाना प्रभारी नीरज कुमार के द्वारा ड्रोन कैमरे से गंगा के किनारे कच्चे घाट एवं खादर क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए संभावित एवं संदिग्ध स्थानों पर की गई चेकिंग से शराब तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।आपको बता दें कि जिला प्रशासन की अफसर शाही टीम होली पर्व एवं जुम्मे की नमाज को सकुशल संपन्न कराने को लेकर एड़ी चोटी का जोर लगाते हुए जिले में चप्पे-चप्पे पर पुलिस का पहरा है। और डीआईजी कला निधि नैथानी के निर्देशन में एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के पर्यवेक्षण में हापुड़ पुलिस अलर्ट मोड पर नजर आ रही है। वहीं पुलिस की कार्यशैली को देखकर शरारती तत्व भी दांतों तले उंगली दबाने को मजबूर हैं। वही सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिगत होली पर्व एवं जुम्मे की नमाज को सकुशल संपन्न कराने को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार का कहना है कि सुरक्षा व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले किसी भी शरारती तत्व को नहीं बक्शा जायेगा। विधिक वैधानिक कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जाएगा।

## पांच मुकदमों में फरार आरोपी मुठभेड़ में घायल

**छपार**। हाईवे पर सोमवार रात में चेकिंग के दौरान बाइक सवार बदमाश से पुलिस की मुठभेड़ हो गई, जिसमें पांच मुकदमों में वांछित चल रहा पशु चोर बागपत के गांव बड़का निवासी अनीस उर्फ मस्ताना पैर में गोली लगने से घायल हो गया।

सीओ सदर देवव्रत बाजपेई ने बताया कि हाईवे पर सालार कॉलेज के निकट बाइक सवार बदमाश के साथ मुठभेड़ हुई। गिरफ्तार बदमाश से एक तमंचा व दो जिंदा, दो खोखा कारतूस बरामद हुए। बदमाश बागपत जनपद के थाना बड़ौत के गांव बड़का निवासी अनीस उर्फ मस्ताना है।

उसके खिलाफ छपार थाने में दो पशु चोरी व तीन विद्युत सामान चोरी के मुकदमे दर्ज हैं। इनमें वह वांछित चल रहा था।इसके अलावा मेरठ, बागपत सहित 10 मुकदमे उसके खिलाफ दर्ज हैं। उपचार दिला कर मुकदमा दर्ज कर आरोपी का चालान कर दिया गया।

# आँधीवाल आश्रम पर हुआ महादेव के भव्य दर्शन एवं बाल कुश्ती दंगल



**वेलकम इंडिया**

**हाथरस**। रंगभरनी एकादशी पर आँधीवाल आश्रम पर महाकाल महादेव के भव्य दर्शन एवं बाल कुश्ती दंगल हुआ। श्री गोविंद भगवान की डोलायात्रा पहुंचने पर रेवती मईया मेला के निर्देशक मुख्य अतिथि डा0 विकास शर्मा फोकस अल्ट्रासाउंड एवं मेलाध्यक्ष बिशन स्वरुप वार्ष्णेय जूस वालो एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया। प्रबंधक रामगोपाल आँधीवाल एवं डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अतुल आँधीवाल एड ने किया एवं महाकाल की महाआरती मे सम्मिलित हुए।

## मुठभेड़ में अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के 5 सदस्य गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**

**मुजफ्फरनगर**। बुढ़ाना कोतवाली पुलिस ने दिल्ली व एनसीआर क्षेत्र से कार चोरी करने वाले अंतरराज्यीय वाहन गिरोह के पांच सदस्यों को मुठभेड़ के बाद जोला मार्ग पर बंद भट्ठे से गिरफ्तार किया है। सरगना खालापार निवासी सरफराज उर्फ सरफू पैर में गोली लगने से घायल हो गया। चोरों से करीब चालीस लाख कीमत की 9 कारें बरामद हुई हैं।

पुलिस अधीक्षक देहात आदित्य बंसल ने प्रेसवार्ता में बताया कि कुछ दिनों से बुढ़ाना पुलिस को चोरी की कारों को बेचे जाने की सूचना मिल रही थी।एक सूचना पर सोमवार देर रात पुलिस टीम जोला मार्ग पर एक बंद भट्ठे के अंदर पहुंची तो पुलिस को देखकर वहां आरोपियों ने फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में मुजफ्फरनगर के जामियानगर खालापार निवासी सरफराज उर्फ सरफू पैर में गोली लगने से घायल हो गया। वहीं उसके चार साथियों खालापार सरकारी फ्लैट निवासी सलीम, बुढ़ाना के मोहल्ला पछाला निवासी खालिद, नई मंडी कोतवाली के गांव गढ़ी सरवट निवासी गुलजार, अंकुर विहार लोनी निवासी आमिर को चार तमंचों के साथ गिरफ्तार किया है। मौके से चार स्वीफ्ट डिजायर सहित नौ कार बरामद की गईं। कारों के अंदर से चार फर्जी नंबर प्लेट भी मिली हैं। इन कारों को दिल्ली व एनसीआर से चोरी कर यहां एकत्र किया था। वहीं मौके से छह आरोपी फरार हो गए, जिनकी तलाश में पुलिस की तीन टीम लगी हैं। मुकदमा दर्ज कर सभी आरोपियों का चालान कर दिया गया। प्रेसवार्ता में सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह व बुढ़ाना कोतवाली प्रभारी आनंद देव मिश्र भी मौजूद थे।

## मेले में सांस्कृतिक प्रस्तुति और स्वादिष्ट व्यंजनों में दिखी होली की रंगत

**मुजफ्फरनगर**। ताराचंद वैदिक पुत्री डिग्री महाविद्यालय में इनक्यूबेशन सेंटर की ओर से होली मेला आयोजित किया गया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। वहीं स्वादिष्ट व्यजनों में होली के त्योहार की रंगत दिखाई दी। छात्राओं ने हस्तकला का हुनर दिखाया। भरतिया कॉलोनी स्थित कॉलेज में होली मेले में छात्राओं, शिक्षकों और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मेले में पारंपरिक होलिका पूजन और लट्ठमार होली की प्रस्तुति ने सभी को आनंद से भर दिया। स्वादिष्ट व्यंजनों में चाट, पकौड़ी, समोसा, गोलगप्पे, ठंडाई आदि ने लोगों को खूब लुभाया। लोकनृत्य, गीत-संगीत और नाट्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोहा। विज्ञान विभाग ने आधुनिक तकनीकों का प्रदर्शन किया। वहीं विभिन्न मनोरंजक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि होली उत्सव को मनाने की परंपरा को महाविद्यालय ने बखूबी संजोया। विद्यार्थियों ने लोकगीतों के साथ त्योहार की परंपरा को दिखाया। इस मौके पर प्रबंध समिति अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, सचिव अरविंद कुमार गर्ग, सहसचिव अंकुर गर्ग, प्राचार्या डा. संगीता चौधरी, शैली रंजन आदि मौजूद रहीं।

# प्रधान महासचिव पूर्वी बनी प्रतिभा सूर्य सिंह



**वेलकम इंडिया**

**वाराणसी**। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास पासवान के पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा पूर्वी उत्तर प्रदेश डॉ. प्रीति उपाध्याय द्वारा प्रधान महासचिव पूर्वी उत्तर प्रदेश के दायित्व पर प्रतिभा सूर्य सिंह जी को नियुक्त किया गया ।नियुक्ति प्रदेश कार्यालय पर किया गया ।इस दौरान ।इस दौरान पार्टी से जुड़ी महिलाओं ने प्रतिभा सूर्य सिंह को बधाई दी।

# राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम सम्पूर्ण सुरक्षा केन्द्र द्वारा एडवोकेसीकार्यशाला का किया गया आयोजन

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**




दिनांक 11 मार्च 2025 प्रतापगढ़।राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत संचालित सम्पूर्ण सुरक्षा केन्द्र द्वारा शास्त्री सभागार मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में एडवोकेसी मीटिंग/कार्यशाला का आयोजन किया गया।एडवोकेसी मीटिंग/कार्यशाला में डॉ शैलेन्द्र कुशवाहा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक राजा प्रताप बहादुर चिकित्सालय संबद्ध डॉ सोनेलाल पटेल स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की अध्यक्षता में कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ शैलेन्द्र कुशवाहा जी ने संपूर्ण सुरक्षा केंद्र के उद्देश्यों को बताया कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में रहने वाले लोग जो काम काज के लिए बाहर जाते हैं इनमें एच०आई०वी० का संक्रमण होने की संभावना होती हैं तथा उनके परिवार के लोगों को संक्रमण न हो सके इसीलिए संपूर्ण सुरक्षा केंद्र के द्वारा उनको पूरी दावा, परामर्श अथवा 3 जांचे दिया जाना हैं ताकि उनको पूरी तरह से सुरक्षित रखा जा सके।

एस०एस०के० के प्रबंधक अमित कुमार सरकार ने बताया आगामी प्रस्तावित मिनी स्वास्थ्य कैंप व मेगा स्वास्थ्य कैंप के लिए प्रयाप्त टेस्ट किट्स उपलब्ध कराया जाना है। इसमें डी०पी०एम० श्री डॉ आर०वी० यादव व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ शैलेन्द्र कुशवाहा जी ने गंभीरता लेकर आगामी प्रस्तावित कार्यक्रम हेतु टेस्ट उपलब्ध कराने की बात कहीं। एस०एस०के परामर्शदाता राहुल यादव ने बताया कि एचआईवी, टीवी, आरटीआई/एसटीआई व हेपेटाइटिस बी और सी० की सारी सेवाएं एक जगह मिलेगी, साथ ही उन्होंने बताया कि वर्तमान में टेस्ट किट्स की उपलब्धता करनी है। कार्यशाला में आए डिप्टी बी० एस०ए० शिव बहादुर मौर्या एवं डॉ विंध्याचल सिंह ने बताया कार्यक्रम के प्रति जागरूकता हेतु पूर्ण रूप से सहयोग दिया जाएगा। कार्यशाला में उपस्थित ए०आर ०टी ०सी० के एस०एम०ओ० डॉ राकेश जी ने एड्स के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों में सुमन पांडेय एन०आर०एल०एम०, अंजना एच०ई०ओ०, अर्चना श्रीवास्तवा परामर्शदाता, आई०सी०टी०सी० के अरुणा शुक्ला, मुकेश श्रीवास्तव, अजय सिंह, संतोष सोनी बी०पी०एम० एन ०आर०एल०एम०, सरोज कुमारी परामर्शदाता, पी०एन०पी० से रूबी वर्मा, सतीश यादव, लैब टेक्नीशियन गौरव कुमार, अखिलेंद्र सिंह जेल कॉर्डिनेटर, ए०आर ०टी० के विवेक द्विवेदी व अनिल कुमार तिवारी, नीरज कुमार यादव ए०आर ०टी०, एस०एस०के० के इंद्र प्रताप सिंह व सुमन मिश्रा, ओ०आर०डब्ल्यू प्रिया पांडेय , दिनकर तिवारी ए०आर ०टी ० के मौजूद रहें।

# शिक्षित महिला प्रधान माधुरी सिंह ने बदल दी थावर ग्राम पंचायत की तस्वीर

**निर्मल सैनी वेलकम इंडिया**



**काकोरी, लखनऊ** ।कहते हैं कि अगर गांव का मुखिया पढ़ा-लिखा हो तो निश्चित ही वह गांव को प्रगति के पथ पर तेजी से ले जाएगा क्योंकि एक शिक्षित व्यक्ति के अंदर वैज्ञानिक और आधुनिक विचारधारा समाहित रहती है ।लेकिन जब बात हो महिलाओं की मामला कुछ और ही संवेदनशील हो जाता है।

आपको बता दें कि लखनऊ जनपद के काकोरी विकासखंड की ग्राम पंचायत थावर की अंग्रेजी एवं अर्थशास्त्र से एम ए की पढ़ाई कर शिक्षित अपनी धुन की पक्की महिला प्रधान माधुरी सिंह ने गांव के विकास की नई इबारत लिखी। गांव की चमाचम पक्की, विद्युतीकरण से हर घर रोशन हुए। स्वच्छता मिशन को कामयाब बनाया। अब हर घर में शौचालय के साथ ही यहां जल संचयन, जलनिकासी, शुद्ध पेयजल का प्रबंध भी पुख्ता है। असहाय, वृद्ध, दिव्यांग, विधवा महिलाओं को सरकारी पेंशन दिलाया है। प्रधान माधुरी सिंह ने अन्य महिलाओं को संदेश देते हुए कहा कि अब समय का परिवर्तन हो चुका है और महिलाओं को भी अब घर की रसोई से बाहर निकलकर समाज के मुख्य धारा में आना चाहिए और समाज के निर्माण में अपना सहयोग करना चाहिए इससे महिलाओं की स्थिति मजबूत होगी और अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा का काम करेगी।

## बदमाशों ने किया पर्स छीनने का प्रयास, घिसटती चली गई महिला

**मुजफ्फरनगर**। शहर कोतवाली क्षेत्र की रामपुरी कॉलोनी में बाइक सवार दो बदमाशों ने एक महिला का पर्स छीनने का प्रयास किया। इस दौरान महिला सड़क पर गिर कर काफी दूर तक घिसटती चली गई। महिला का मेडिकल कराकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं घटना की वीडियो वायरल हो रही है।

रामपुरी निवासी महिला सोनिया झांसी की रानी के पास एक कपड़े की दुकान पर काम करती है। वह सोमवार रात लगभग नौ बजे पैदल भारत नर्सिंग होम वाली गली से होकर अपने घर जा रही थी। इसी बीच संकरी गली में पीछे से बाइक पर आए दो बदमाशों ने महिला का पर्स छीनने के लिए झपटा मारा, लेकिन महिला ने पर्स नहीं छोड़ा। इसके बाद महिला का सिर खंभे से टकरा गया। महिला को हाथ, पैर व सिर में चोट आई है।उधर, घटना गली में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई।

# डॉ देवेंद्र कुमार को मिली पीएचडी की उपाधि



**वेलकम इंडिया**

**नूरपुर** : मुरादाबाद निवासी डॉ देवेंद्र कुमार को महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली से प्रोफेसर सुनील कुमार जोशी वर्धमान कॉलेज बिजनौर के निर्देशन मे शिक्षाशास्त्र विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। डॉ देवेंद्र कुमार ने पहले भी वनस्पति विज्ञान विषय में पीएचडी की उपाधि ली है। डॉ देवेंद्र कुमार देवता महाविद्यालय मोरना में असिस्टेंट प्रोफेसर है।

# नई आवासीय कॉलोनी में शेरनगर का 233 हेक्टेयर रकबा

**वेलकम इंडिया**

- बिलासपुर की 35 और धंधेड़ा की 16 हेक्टेयर से अधिक भूमि कॉलोनी में शामिल की जाएगी।
- आवास विकास परिषद की ओर से लखनऊ में आठ मार्च को शहर में नई कॉलोनी बसाने का प्रस्ताव पास किया गया

**मुजफ्फरनगर**। आवास विकास परिषद की ओर से प्रस्तावित नई कॉलोनी के लिए सर्वाधिक भूमि शेरनगर गांव से ली जाएगी। परिषद की ओर से तीन गांव की 284 हेक्टेयर भूमि में कॉलोनी का खाका खींचा गया है।इसमें 233 हेक्टेयर भूमि का रकबा शेरनगर से लिया जाएगा, जबकि बिलासपुर की 35 और धंधेड़ा की 16 हेक्टेयर से अधिक भूमि कॉलोनी में शामिल की जाएगी।

राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल की ओर से अगस्त 2024 को मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर आवास विकास परिषद की ओर से शहर में नई आवासीय कॉलोनी विकसित कराने का अनुरोध किया गया था। इस पर छह दिसंबर 2024 को आवास विकास परिषद सचिव, अन्य अधिकारियों ने एनएच-58 पर जानसठ, जौली और भोपा रोड की भूमि का निरीक्षण किया था। इस दौरान कॉलोनी बसाने के लिए प्रस्तावित भूमि के दायरे में गांव शेरनगर, बिलासपुर और धंधेड़ा के करीब 700 खसरा को शामिल कर 284 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहीत करने का निर्णय लिया गया।

आवास विकास परिषद की ओर से लखनऊ में आठ मार्च को शहर में नई कॉलोनी बसाने का प्रस्ताव पास किया गया, जिसके मुताबिक जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शीघ्र ही शुरू होने वाली है। अगले दो वर्ष के दौरान योजना पूर्ण कर ली जाएगी, जिस पर करीब 500 करोड़ रुपये का खर्च आएगा।

# होली की धूम से सराबोर हुई देवभूमि

**वेलकम इंडिया**

**बगेश्वर**। जनपद में होली की धूम मची हुई है ।होल्यार गांव मोहल्लों में होली गायन में मस्त हैं। जिससे बाजार सूनसान है। महिला-पुरूष होली गायन कर रहे हैं।एकादशी के दिन से होली गायन प्रारंभ हो गया है।

जनपद के विभिन्न गांवों में देर रात तक होली गायन किया जा रहा है। नगर के ज्वालादेवी, मजियाखेत सहित विभिन्न गांवों में महिला व पुरूषों की अलग अलग टोली घर-घर जाकर होली गायन कर रहे हैं तथा वहां विविध पकवानों का आनंद ले रहे हैं। बागेश्वर, गरुड़, कपकोट, कांडा, काफलिगैर क्षेत्र में होली के चलते बाजारों में सूनसानी छाई हुई है। विभिन्न स्कूलों में भी होली महोत्सव मनाया गया तथा बच्चों को होली के महत्व की जानकारी देते हुए इसकी मान्यताओं से अवगत कराया। होली के दौरान सरकार के आदेश पर विभिन्न कार्यालय खुलेहुए हैं परंतु यहां पर भी अधिकांश कर्मचारी अवकाश पर हैं। वही महिलाओं की रात्रि होली में अलग अलग घरों में बारी बारी से दिन रात होली गायन हो रहा है, साथ ही स्वांग का भी इस त्योहार में विशेष महत्व है ।जिनके घरों में होली होती है वहा उनके पड़ोसियों और परिवारजनों द्वारा स्वांग कर सभी होल्यारों को हंसाया और गुदगुदाया जाता है ।सभी होल्यार आपसी भेदभाव और मनमुटाव मिटाकर प्रेम रूपी होली की मस्ती में झूमे रहते हैं।



# सीतापुर पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की हत्या पर मिल्कीपुर में आक्रोश

## पत्रकारों ने किया विरोध प्रदर्शन उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर को सौंपा ज्ञापन



**वेलकम इंडिया**

**मिल्कीपुर (अयोध्या )** मिल्कीपुर अयोध्या। सीतापुर में पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की हत्या को लेकर मिल्कीपुर के पत्रकारों में गहरा आक्रोश देखा गया।मिल्कीपुर ग्रामीण पत्रकार एशोसिएशन के अध्यक्ष हृदय राम मिश्र के नेतृत्व में पत्रकार संगठनों के बैनर तले पत्रकारों ने काली पट्टी बांधकर तहसील परिसर में विरोध प्रदर्शन किया और दोषियों को फांसी देने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने शासन से पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये की सहायता देने तथा पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की माँग की। साथ ही, अयोध्या में महिला पत्रकार मिताली रस्तोगी के साथ हुई अभद्रता की भी कड़ी निंदा की गई। विरोध प्रदर्शन के बाद पत्रकारों ने राज्यपाल को संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी राजीव रत्न सिंह को सौंपा। इस मौके पर हृदय राम मिश्र ग्रामीण पत्रकार अध्यक्ष मिल्कीपुर , महेंद्र तिवारी,शैलेन्द्र कुमार शर्मा,एस एन तिवारी,लल्लन तिवारी, घनश्याम यादव,विनोद तिवारी दिनेश कुमार गौड़, अवधेश शुक्ला कालिका शुक्ला गोपीनाथ,मनोज मिश्रा, दिवाकर चंद्र,,शत्रुहन यादव,भोला नाथ मिश्रा,, अनिल पांडेय, संतोष सिंह, दिवाकर चन्द्र,दिनेश,अवधेश कुमार ,समेत कई पत्रकार मौजूद रहे।

# वरिष्ठ साहित्यकार संतोष श्रीवास्तव को मिला वागीश्वरी शिखर साहित्य सम्मान



**वेलकम इंडिया**

**नई दिल्ली।** बीपीए फाउंडेशन एवं इंडिया नेटबुक्स के तत्वावधान में आयोजित समारोह में वरिष्ठ साहित्यकार संतोष श्रीवास्तव भोपाल को वागीश्वरी शिखर साहित्य सम्मान (लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड) से सम्मानित किया गया। राजधानी के मयूर विहार स्थित होटल क्राउन प्लाजा में आयोजित सम्मान समारोह में ख्यातिनाम साहित्यकार चित्रा मुदगल ने संतोष श्रीवास्तव को साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए वागीश्वरी शिखर साहित्य सम्मान ( लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड) से सम्मानित किया। सम्मान स्वरूप मानधन, शॉल,श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। समारोह में वरिष्ठ साहित्यकार ममता कालिया सहित देश विदेश से पधारे नामचीन साहित्यकारों की उपस्थिति रही।

## लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ करें पुकार, दे दो हमें सुरक्षा अधिकार -अरविन्द चित्तौड़िया



**मथुरा।** लगातार आए दिन पत्रकार किसी न किसी तरह अत्याचार के शिकार हो रहे है, जिसमे शासन प्रशासन भी मूक बना रहता है। जिस प्रकार वरिष्ठ पत्रकार राघवेंद्र वाजपेयी के साथ हुआ, पर अभी तक कोई ठोस कार्यवाही ना होना, प्रदेश सरकार द्वारा कोई सही कदम ना उठाये जाने से सभी पत्रकारों व संगठनों मै रोष है। जहाँ सरकार हमें चौथा स्तम्भ कहती है, लेकिन मजबूरी है की उस स्तम्भ जैसा सम्मान नहीं मिलता, एक पत्रकार रात दिन, हर मौसम मै, शासन प्रशासन के लिए, जनता के लिए कार्य करता है। पर आये दिन किसी ना किसी जनपद व प्रदेश से कोई खबर मिलती, वहा उस पत्रकार के साथ गलत हुआ है। राष्ट्रीय महासचिव, नेशनल जर्नलिस्ट यूनियन (एनजेयू ) अरविन्द चित्तौड़िया ने बताया हम सभी पत्रकारों के साथ खड़े है। हमारा संगठन भी 16 राज्यों के साथ देशभर मैं पत्रकारों की आवाज को उठा रहा है, हम केंद्र सरकार एवं सभी प्रदेश सरकारों से माँग करते है। जल्द से जल्द पत्रकार सुरक्षा कानून लाया जाये, जिससे मान्यता प्राप्त पत्रकारों के साथ ही मान्यता विहीन पत्रकारों को सुरक्षा मिले।

## सपा पार्षद की गुंडई स्थाई निवासियों की काटी बिजली

**वेलकम इंडिया**

सरकार चली गई पर गुंडई नहीं जा रही है। ऐसी ही एक घटना अयोध्या के शक्तिनगर इलाके की है जहां के निवासियों ने चौकी देवकाली अयोध्या को लिखित शिकायत की है उनके सभी निवासियों की बिजली सपा पार्षद द्वारा ही काट दी गई है और बिजली विभाग के खंभे जो बिजली विभाग द्वारा लगाए जा रहे हैं सपा के गुंडे पार्षद समेत समर्थक लगने नहीं दे रहे हैं जिलाधिकारी अयोध्या एस एस पी अयोध्या सहित प्रबुद्ध विधायक वेद गुप्ता और गोसाईगंज विधायक अभय सिंह को स्थानीय निवासियों ने मेल



और वाट्सअप कर जानकारी भी दी है कि उनके साथ सपा पार्षद और उनके समर्थकों द्वारा गुंडई कर विद्युत कनेक्शन काट दिए गए हैं कई दिनों से बिजली आपूर्ति नहीं है लोग परेशान हैं। सपाई लोग विद्युत विभाग द्वारा नए खंभे भी नहीं लगने दे रहे हैं । सरकार के विकास कार्यों में बाधा बन रहे हैं।

## आगामी त्योहारों के मद्देनजर शांति सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने को लेकर ग्रामीणों के साथ की बैठक आयोजित

**हापुड़।** जनपद हापुड़ के एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के आदेश अनुपालन में हापुड़ पुलिस के द्वारा होली जुम्मे की नमाज एवं ईद त्योहार को लेकर अपने-अपने थाना क्षेत्र में शांति सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने को लेकर चलाई जा रही मुहिम के तहत थाना बाबुगढ़ थाना प्रभारी ने क्षेत्र क्षेत्र का भ्रमण करते हुए थाना क्षेत्र के गांव भमेड़ा में ग्रामीणों के साथ एक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ग्राम वासियो को को कानून व्यवस्था एवं आपस में भाईचारा कायम रखने को लेकर अपील करते हुए सम्बन्धित को निर्देश दिए गए।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर में हंगामा के बाद हुआ प्रसूता का ऑप रेशन

**वेलकम इंडिया**

**मिल्कीपुर (अयोध्या )** हंगामे के बाद डॉक्टर ने किया प्रसूता का ऑपरेशन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर से जबरन कर रहे थे प्रसूता को रिफर।

मिल्कीपुर-तीमारदारों के हंगामा करने के बाद तीन दिनों से दौड़ाने के बाद प्रसूता का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर में ऑपरेशन हो सका।इसके पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर के डॉक्टर बेहोशी का डॉक्टर न होने का बहाना बनाकर जबरन प्रसूता को रिफर करने का दबाव बनाया जा रहा था।सीएमओ के हस्तक्षेप पर सोहावल से बेहोशी के डॉक्टर को बुलाकर ऑपरेशन संपन्न कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार सरिता पत्नी लवकुश तिवारी निवासी इनायतनगर बाजार गर्भवती थी समय पूर्ण होने पर भी जब बच्चा नार्मल





पैदा नही हुआ तो परिजन बहु को लेकर शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर ले गए।जहां महिला चिकित्सक डॉक्टर गुंजन ने परीक्षण करने के बाद बताया कि बच्चा नार्मल नही हो पायेगा ऑपरेशन करना पड़ेगा।अगले दिन रविवार को ऑपरेशन के लिए बुलाया।रविवार को जब प्रसूता को लेकर गए तो बेहोशी का डॉक्टर न होने की बात कह कर अगले दिन सोमवार को बुलाया।सोमवार को फिर वही बहाना बनाकर वापस कर दिया। परेशान होकर परिजन प्रसूता को लेकर मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर पहुंचे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर पंकज श्रीवास्तव फिर बेहोशी का डॉक्टर न होने का बहाना लेकर जबरन रिफर करने लगे।तीन दिनों से परेशान परिजनों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया और पूरे प्रकरण से मुख्य चिकित्सा अधिकारी अयोध्या को अवगत कराया।सीएमओ के हस्तक्षेप पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहावल से बेहोशी के डॉक्टर धर्मेंद्र को बुलाया गया तथा डॉक्टर गुंजन द्वारा प्रसूता का ऑपरेशन किया गया।परिजनों ने बताया कि गर्भवती महिला ने बेटे को जन्म दिया है।जच्चा बच्चा दोनो स्वस्थ है। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि मिल्कीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बेहोशी के डॉक्टर नहीं है जिसके चलते प्रसूता को रेफर किया जा रहा था मुख्य चिकित्सा अधिकारी के हस्तक्षेप पर सोहावल से बेहोशी के डॉक्टर आने पर ऑपरेशन किया गया जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।

## सड़कों का निर्माण शहर के विकास का प्रतीक: महापौर



**वेलकम इंडिया**

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने नगर विधायक राजीव गुंबर के साथ आज वार्ड 39 इंदिरा कॉलोनी में निर्मित होने वाली सीसी सड़क निर्माण कार्य का सड़क पर गेंती मारकर व नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। नगर निगम निधि से बनने वाली इस सड़क पर करीब 14 लाख रुपये की लागत आयेगी।

नगर निगम निधि से बनायी जाने वाली सीसी सड़क के निर्माण कार्य के शुभारंभ से पहले विधि विधान से पूजा अर्चना की गयी। महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि इस सड़क निर्माण से लागों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी शहर में सड़कों का निरंतर निर्माण शहर के विकास का प्रतीक है। महापौर ने कहा कि सहारनपुर के विकास के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन और नगर विकास विभाग के सहयोग से नगर निगम लगातार शहर में विकास कार्य करा रहा है। नगर विधायक राजीव गुंबर ने कहा कि सहारनपुर को एक आदर्श शहर बनाने के लिए लगातार विकास कार्य कराये जा रहे हैं। सड़कों की तरह ही शहर में नाले नालियों का निर्माण कराने के अलावा पंपों का निर्माण भी कराया गया है। इस अवसर पर पार्षद राज कुमार शर्मा, योगाचार्य अनिता के अलावा क्षेत्र के सत्येंद्र सैन, शिव मंगल, गौतम सैनी सहित अनेक क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# नववर्ष मेला समिति कार्यकारिणी घोषित

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** नववर्ष मेला समिति की बैठक में कमलेश अरोड़ा को अध्यक्ष, प्रदीप श्रीवास्तव को महामंत्री एवं मुकेश शर्मा को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। प्रतिवर्ष नवसंवत्सर (हिन्दू नववर्ष) की पूर्व संध्या पर आयोजित होने वाले विशाल नववर्ष मेला के संबंध में सोमवार को सरस्वती शिशु मंदिर दीनदयाल नगर में आयोजित नववर्ष मेला समिति की बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महानगर संघचालक लक्ष्मी नारायण द्वारा कार्यकारिणी की घोषणा की गई। कार्यकारिणी में संरक्षक सुरेश चंद्र अग्रवाल करांची वाले, नारायण





दास अग्रवाल जीएलए विश्विद्यालय एवं जयप्रकाश शर्मा अगरबत्ती वाले रहेंगे। समिति का अध्यक्ष कमलेश अरोड़ा एवं महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव को बनाया गया है। पांच उपाध्यक्ष यादवेंद्र अग्रवाल, योगेंद्र शर्मा, डॉ० सी० एल० डुल्लू, डॉ० शैलेंद्र प्रताप सिंह एवं लोकेश गर्ग समृद्धि ज्वैलर्स होंगे। पांच मंत्री डॉ० दीपा अग्रवाल, योगेश आवा, रजत बाल्मीकि, अनिरुद्ध अग्रवाल एवं सुभाष सैनी होंगे। कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल सर्राफ एवं सह कोषाध्यक्ष गंगाधर अरोड़ा होगें। मीडिया प्रभारी मुकेश शर्मा, प्रचार प्रमुख विशाल रुहेला, सह प्रचार प्रमुख समीर बंसल एडवोकेट एवं रूपेश चौधरी होगें। देवेश कुमार कार्यालय प्रमुख, प्रतियोगिता प्रमुख हरवीर सिंह एवं सह प्रतियोगिता प्रमुख दीपेश श्रीवास्तव, योगेश एवं राजीव पाठक होंगे। कार्यकारिणी में राजीव कृष्ण अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, आचार्य ब्रजेंद्र नागर, बल्देव प्रसाद अग्रवाल, जयपाल सिंह सिसोदिया, ललिता गुप्ता, कैलाश अग्रवाल, भुवन भूषण कमल, राजू यादव, राहुल गोपाल यादव, अवधेश उपाध्याय, निखिल भारद्वाज, रामदास चतुर्वेदी, मयंक कक्कड़, कौशल अग्रवाल, नयन शर्मा एवं तरुण सैनी सहित 70 कार्यकारणी सदस्य होंगे। बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह विभाग कार्यवाह डॉ० संजय अग्रवाल एवं विभाग प्रचारक अरुण पांचजन्य ने कार्यकताओं का मार्गदर्शन किया। महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव ने बताया कि नवसंवत्सर (हिन्दू नववर्ष) चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 की पूर्व संध्या पर एक दिवसीय विशाल नववर्ष मेला चैत्र कृष्ण अमावस्या तदनुसार 29 मार्च को सेठ बी०एन०पोद्दार इंटर कॉलेज मथुरा के मैदान पर आयोजित होगा। बैठक में गतवर्ष मेला के आय- व्यय का विवरण रखा गया। इससे पूर्व महानगर संघ चालक लक्ष्मी नारायण ने गत वर्ष की कार्यकारिणी के विसर्जन की घोषणा की।

# ब्राह्मण सनातन धर्म की धुरी है, सनातन धर्म जिंदा है तो हमारे बड़े पूर्वजों ने बलिदान दिए हैं : डॉ विकास शर्मा



**वेलकम इंडिया**

**हाथरस।** ब्राह्मण एकता परिषद के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर अतिथि के बतौर हाथरस शहर के नामचीन अल्ट्रासाउंड सेंटर के डायरेक्टर व वरिष्ठ समाजसेवी डॉ विकास शर्मा जी का रहना हुआ। सबसे पहले भगवान परशुराम की मूर्ति पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया। इस मौके पर डॉं विकास शर्मा ने ब्राह्मण महासभा की एकता को दिखाने के लिए सभी दूर दराज से आए लोगों का बारंबार धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा किसी भी स्तर पर ब्राह्मण का मुकाबला कोई नहीं कर सकता है इसलिए अन्य समाज के लोग नकारात्मक सोच रखते हैं। ब्राह्मण समाज के पास बौद्धिक क्षमता है, क्योंकि छत्रिय को भी सस्त्र चलाने का ज्ञान दिया है तो हमारे ब्राह्मण आचार्य द्वारा दिया गया है। अगर वैश्य समाज को लक्ष्मी जी की कृपा प्राप्त है तो वह हमारे आचार्य के मुख से निकले मंत्रों के द्वारा प्रदान की गई है। ब्राह्मण भारत छोड़ो को बात को ध्यान रखते हुए कहा कि ब्राह्मण को इस भारतवर्ष से क्या पूरे विश्व से इस धर्म को कोई नहीं मिटा पाएगा। इसका एक कारण है कि ब्राह्मण धर्म है या ब्राह्मण जाति है वह सनातन धर्म की धुरी है। सनातन धर्म जिंदा है तो हमारे बड़े पूर्वजों ने बलिदान दिए हैं। डॉ विकास शर्मा ने कहा आज जरूरत है ब्राह्मण समाज को अपनी शक्ति पहचानने की और उसका सदुपयोग कर जरूरतमंद ब्राह्मण को यथा संभव सहयोग कर उसका उत्थान किया जाए। क्योंकि एकता और आदर्शों पर चलकर ही समाज की प्रतिष्ठा कायम रह सकती है। डॉ विकास कुमार शर्मा अलीगढ़ रोड के दयानतपुर पर श्री कृष्णा फार्म हाउस में आयोजित होली मिलन समारोह में मंच से ब्राह्मण लोगों को एकता के साथ मजबूती देने का काम कर रहे थे।

# उद्योग व्यापार मंडल ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** तहसील मुख्यालय के सामने स्थित एएक्सएन रिसॉर्ट्स में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मंडल के गोविंदपुरी अध्यक्ष सतेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में नगर क्षेत्र के करीब 500 व्यापारियों ने भाग लिया। होली मिलन कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पधारे डॉ मंजू शिवाच विधायक, विनोद वैशाली नगर पालिका अध्यक्ष जिला अध्यक्ष व्यापार मंडल प्रीतम लाल प्रदेश मंत्री सतीश अग्रवाल, शहजाद खान, मूलचंद गर्ग, डॉ बबली गुर्जर, शेखर, तहसीलदार रजत सिंह, जिला सूचना अधिकारी वाईपी सिंह, आनंद त्यागी, हरीश त्यागी, दिनेश सिंघल, रितु गोयल प्रधानाचार्य, सरिता सिंधु प्रधानाचार्य, लोकेश वर्मा प्रधानाचार्य, डॉ अनिल गर्ग, डॉ सोनिका जैन, डॉ रूप त्यागी, रुचि गुप्ता, सुशील जैन, हरेंद्र शर्मा जैसे दिग्गज में गणमान्य साथियों ने आकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। व्यापार मंडल के गोविंदपुरी अध्यक्ष सत्येंद्र गुप्ता द्वारा आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य भूमिका मंडल के नगर अध्यक्ष अमित गोयल, निर्दोष खटाना, अमितेज जैन, राजेश गुप्ता, नीरज राजपूत, संजीव कौशिक, जगदीश मदान, निकुंज ग्रोवर आदि ने निभाई। कार्यक्रम में कवि सम्मेलन दिल्ली से पधारे पंकज गुप्ता व योगेंद्र सुंदरियाल द्वारा सुंदर कविताएं व्यापारियों को सुनाई गई वह राधा कृष्ण की अद्भुत व मनमोहक झांकियां के दर्शन कराए गए। कार्यक्रम में सभासद के रूप में बलराज गुर्जर, सोनू डमरू, गुलाब सिंह, प्रवीण गुर्जर, रजनीश, लोकेश ढ़ोड़ी आदि शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान सभी आगंतुक गणमान्य व्यक्तियों का अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया।

# किडजी मोदीनगर में शक्ति खेलोत्सव का आयोजन हुआ

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** सोमवार को किडजी मोदीनगर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर वार्षिक खेल दिवस शक्ति खेलोत्सव का आयोजन किया गया। यह खेलोत्सव साहस, गति और महत्वाकांक्षा का प्रतीक बना।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ मंजू सिवाच विधायक और विशिष्ट अतिथि के रूप में विनोद वैशाली चेयरमैन कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने पहुंचे। साथ ही विशेष अतिथि के रूप में सपना टेवटिया (ऐकडेमिक मैनेजर, नॉर्थ, जी लर्न) भी उपस्थित रहीं। इसके अलावा, किडजी मोदीनगर के चेयरमैन श्री अनिल बंसल जी एवं मैनेजिंग डायरेक्टर श्री अनमोल बंसल जी ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। किडजी मोदीनगर की फैसिलिटेटर्स अंतिमा शर्मा, फिजा जैदी, क्षमा शर्मा, अपर्णा चौधरी, भावना और यामिनी टोंक ने 'उड़ान राइज स्ट्रॉन्ग' थीम पर एक प्रभावशाली कला प्रदर्शन प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुति के माध्यम से उन्होंने योग और आत्मरक्षा का महत्व नृत्य के माध्यम से दशार्या और बताया कि ये दोनों आज की नारी के लिए कितने आवश्यक हैं। ताइक्वांडो कोच रेशव एवं फैसिलिटेटर रीता वर्मा के मार्गदर्शन में बच्चों ने शानदार ताइक्वांडो प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने विभिन्न आकर्षक करतब प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। बच्चों ने अलग-अलग रेस में भाग लेकर अपनी प्रतिभा और खेल भावना का परिचय दिया।

# 45 वी नेशनल मास्टर एथलीट चैंपियनशिप का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** मास्टर एथलीट एसोसिएशन गाजियाबाद के जिला अध्यक्ष अजय प्रमुख और जिला सेक्रेटरी लिखी राम चौधरी ने बताया 45 वी नेशनल मास्टर एथलीट चैंपियनशिप 4 से 9 मार्च को बेंगलुरु में श्री कांटेरवा स्टेडियम स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ग्राउंड कर्नाटक में हुई। जिसमें गाजियाबाद से 60 प्लस आयु वर्ग में चौधरी महिपाल सिंह अटौर गांव के रहने वाले में भाग लिया। जिन्होंने 1500 मीटर रेस में गोल्ड, 5000 मीटर रेस में गोल्ड, और 10000 मीटर रेस में गोल्ड जीतकर गाजियाबाद जिले का नाम रोशन किया। चौधरी महिपाल पहले भी नेशनल और इंटरनेशनल जिला, स्टेट और मैराथन प्रतियोगिताओ अभी तक लगभग लगातार 100 से ज्यादा मेडल 2022 से 2025 तक अर्जित कर चुके हैं। गाजियाबाद की ही रिचा सूद ने बेंगलुरु चैंपियनशिप में डिस्कस थ्रो में गोल्ड मेडल जीता है जो कि दिल्ली स्टेट से खेलती है। दोनों ही खिलाड़ियों ने गाजियाबाद जिले का अपने देश में और इंटरनेशनल लेवल पर नाम रोशन किया है। गाजियाबाद मास्टर एथलीट एसोसिएशन अपने दोनों खिलाड़ियों का बहुत-बहुत स्वागत करती है।

# रक्तदान शिविर में 50 से अधिक यूनिट रक्त एकत्रित किया

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर।** सनातन धर्म मंदिर, गोविंदपुरी में पंजाबी संगठन मोदीनगर, महिला पंजाबी संगठन मोदीनगर और लॉयंस क्लब मोदीनगर उड़ान द्वारा आर.के. चैरिटेबल ब्लड सेंटर के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस सामाजिक कल्याण और सेवा कार्य में 50 से अधिक यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर मोदीनगर चेयरमैन विनोद वैशाली विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया और इस पुनीत कार्य के लिए सभी आयोजकों की सराहना की। इस शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया, जिनमें प्रमुख रूप से विजय मेहरा, संजय नैय्यर, विश्व बंधु जी, युवा आरएलडी जिलाध्यक्ष जयदीप सिंह, राहुल बारी, दुष्यंत खुराना, त्रिलोकी पाठक, अमित विश्नोई, बिट्टू विश्नोई, सागर ढींगरा, हिमांशु थापर, शैलभ सिंघल, रुचि बारी, विप्रा भाटिया, डॉ. सुषमा त्यागी और सतिंदर कौर शामिल थे। इस रक्तदान अभियान का नेतृत्व पंजाबी संगठन के अध्यक्ष अजय ग्रोवर और महिला पंजाबी संगठन की अध्यक्ष डॉ. शालिनी नय्यर ने किया। इसके अलावा तीनों संगठनों के कई सदस्य इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे, जिनमें नीरज बत्रा, रमेश खुराना, गौरव भाटिया, रोबिन खुराना, हनी ग्रोवर, हरेंद्र अरोड़ा, सागर ढींगरा, हिमांशु थापर, मनीष खुर्रा, गुरशरणजीत सिंह नय्यर, गुरमिंदर सिंह, मनीष बब्बर, पवन कपूर, सचिन भूटानी, चिराग अरोड़ा, हर्षिता चौधरी, अंजलि सचदेवा, गीता मोहन अरोड़ा, डॉ. पुलकित त्यागी, रुचि बाहरी, डॉ विप्रा भाटिया, विशाखा, कोमल, सपना, नीता गर्ग, मीना भल्ला और अमिता आहूजा, प्रियंका, डॉ प्रीति सिंह शामिल थीं। इस सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों और आयोजकों का धन्यवाद किया गया और भविष्य में भी इस तरह के सेवा कार्यों को जारी रखने का संकल्प लिया गया।

# संसद भवन में लगे महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा-: प्रिन्स कंसल

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** देश की अर्थव्यवस्था में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान देने वाले वैश्य समाज के पुरोधा व समाजवाद के प्रणेता महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा संसद भवन में लगाए जाने की मांग देश के प्रतिष्ठित एवं वैश्य समाज के अग्रणी संगठन अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन के ओर से की गई है। अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन के राष्ट्रीय महामंत्री प्रिन्स कंसल की ओर से देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर यह मांग की है कि देश की अर्थव्यवस्था में सर्वश्रेष्ठ योगदान देने वाले वैश्य समाज के जनक महाराजा अग्रसेन जी के प्रतिमा संसद भवन में लगाई जानी चाहिए। इससे वैश्य समाज स्वयं को गौरवान्वित महसूस करेगा, पत्र में मांग की गई है कि संसद भवन में सर्वसमाज के तमाम महापुरुषों की प्रतिमाएं भी लगनी चाहिए जिनसे देश की तमाम जनता व राजनेता प्रेरणा ले सके और राष्ट्रहित में व समाज हित में कार्य करने के लिए कदम बढ़ाये।

# पुलिस ने नगर में पैदल मार्च निकाला



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़**/जनपद की कानून सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त सुधार बनाकर रखने का नाम है एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह।आपको बता दें किआगामी त्योहार होली एवं ईद को सकुशल सम्पन्न कराए जाने और जनपद में कानून शांति/सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के दृष्टिगत जनता में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के द्वारा थाना हाफिजपुर क्षेत्रान्तर्गत मय पुलिस फोर्स के साथ फ्लैग मार्च करते हुए। संबंधित को दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश।

# श्री खाटू श्याम शिव दुर्गा मंदिर में भव्य संकीर्तन का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** श्री खाटू श्याम शिव दुर्गा मंदिर में श्री श्याम मित्र मंडल के आयोजन के तत्वावधान में फाल्गुन ग्यारस (आमला एकादशी) की पावन बेला पर भव्य संकीर्तन का आयोजन किया गया।

जिसमे श्याम दरबार मोदीनगर के समस्त सेवादारो ने अपने अपने नाम की हाजरी लगाई। सुबह से ही बाबा श्याम के दर्शनों के लिए भक्तों का रेला मंदिर परिसर में लगा रहा। नगर से सैकड़ो की संख्या में भक्तगण बाबा श्याम की निशान यात्रा लेकर मंदिर परिसर में पहुचे दिल्ली से पधारे भजन गायक संजीव चौहान के भजनों पर समस्त रात्रि सभी भक्त बाबा श्याम के भजनों पर झूमते रहे बाबा के भजन ₹ फाल्गुन आयो रे चलो श्याम के द्वार ₹ पे सभी श्याम भक्त झूमने पर मजबूर हो गए जो कि एक आलोकिक दृश्य था। बाबा श्याम का कलकत्ता एवं जयपुर के फूलों से श्रृंगार किया गया एवं बाबा को छप्पन प्रकार के प्रसाद का भोग लगाया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष ओम प्रकाश जाधव ने बताया के बाबा श्याम की मंदिर की प्राण - प्रतिष्ठा लगभग 15 वर्ष पूर्व ही थी तब से लेकर अब तक हर माह शुक्ल पक्ष की एकादशी को बाबा श्याम का संकीर्तन सभी भक्तों के माध्यम से होता है। इस अवसर पर श्री श्याम मित्र मंडल के संरक्षक प. राम आसरे शर्मा ( पुर्व अध्यक्ष न.पा.प. मोदीनगर ), घनश्याम सिंह सिरोही, जितेंद्र शर्मा, उदेश शर्मा, राजेन्द्र गर्ग , प्रदीप शर्मा, देवेंद्र गुप्ता, दीपक गोयल, अमित गर्ग, शिव कुमार जिंदल, सुदेश शर्मा, अनेश शर्मा, मनोज कुमार आदि रहे।

# उमेश चंद्र उप्रेती को उत्तराखंड समाज का अध्यक्ष बनाया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** उत्तराखंड समाज मोदीनगर (रजि0) में निर्वाचन का आयोजन किया गया। जिसमें सर्व सहमति से अध्यक्ष पद के लिए उमेश चंद्र उप्रेती, सचिव खुशाल सिंह नेगी पूर्व सैनिक उपाध्यक्ष चंद्र सिंह नेगी कोषाध्यक्ष शेखर चंद्र उप्रेती को बनाया गया। समाज द्वारा उनको कार्यभार सौंपा गया और समाज ने उन सभी को नियुक्ति पत्र सोफा और उन्हें शपथ दिलाई गई कि वह समाज को और ऊंचाइयों पर लेकर जाएंगे उम्मीदवारों से समाज को ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए सभी को आश्वासन दिलाया। यह सब करवाई संरक्षक एवं पूर्व अध्यक्षों द्वारा किया गया। जिसमें पूर्व अध्यक्ष नारायण सिंह रावत जी और संरक्षक बलवंत सिंह रावत के नेतृत्व में सभी नवनिर्मित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई और नवनिर्वाचित पदाधिकारी को माला पहनकर उनको शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उपस्थित उत्तराखंड समाज के मुख्य सदस्यों में तुला राम जी, तारा पंत जी, रूपेंद्र रावत, मोहन जी, तरुण पंत, प्रदीप पांडे, संजय कोटियाल, आलोक ठाकुर, रमेश शर्मा, पंडित, दीप सिंह, भानु रावत, अभय पंत, भगवान सिंह, हरीश पंडित, सोहन, मदन आदि इस मौके पर उत्तराखंड समाज के बहुत से युवा और बहुत से सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे।

# विश्व हिंदू परिषद की जिला कार्य योजना की बैठक में आगामी कार्यक्रमों की बनाई रणनीति और जिला मंत्री ने सासनी प्रखंड के कई पदाधिकारियों को दी नई जिम्मेदारी

वेलकम इंडिया



**हाथरस।** विश्व हिंदू परिषद की जिला कार्य योजना बैठक जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सक्सेना की अध्यक्षता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लेवर कालौनी हाथरस पर संपन्न हुई। जिसमें आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सक्सेना ने बताया कि राम महोत्सव के कार्यक्रम प्रखंड खंड व ग्राम समिति तक आयोजित किए जाएंगे। इसी के साथ चैत्र शुक्ल पूर्णिमा हनुमान जयंती पर संपूर्ण भारत के साथ ब्रज प्रांत के अंतर्गत हाथरस जिले में 12 अप्रेल प्रांतः 9 बजे एक ही निश्चित समय पर अपने-अपने स्थान पर हनुमान चालीसा का पाठ सामूहिक रूप से किया जाएगा। इसके लिए सभी पदाधिकारी विद्यालय स्कूल व सभी विभागों में प्रतिष्ठानों पर संपर्क कर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी भुमिका सुनिश्चित करेंगे। एक दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग हाथरस में 9 से 10 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। जिसमें खंड प्रखंड एवं जिले के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। जिला मंत्री प्रवीण खंडेलवाल में सासनी प्रखंड की निम्न वत घोषणा की। भूपेंद्र कुमार शर्मा को अध्यक्ष हेमंत कौशल उपाध्यक्ष चंद्रेश गर्ग उपाध्यक्ष जगदीश प्रसाद शर्मा मंत्री सचिन भार्गव सह मंत्री जयपाल सिंह कुशवाहा सहमंत्री अशोक सिंह समरसता प्रमुख आशीष पाराशर सह समरसता प्रमुख अमन श्रोति सत्संग प्रमुख अंकित उपाध्याय बजरंग दल संयोजक विवेक कश्यप बजरंग दल सह संयोजक नियुक्त किए गए। बैठक का शुभारंभ आचार्य पद्धति से हुआ एवं बैठक विश्राम के उपरांत प्रांत बैठक में नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष दीप्ति वार्ष्णेय एवं जिला कोषाध्यक्ष नितिन सपड़िया का पीत वस्त्र पहनकर सभी ने स्वागत किया इसी के साथ सासनी प्रखंड के सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों का पीत वस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया । बैठक में प्रांत समरसता टोली सदस्य मुकेश कुमार सूर्यवंशी विहिप जिला उपाध्यक्ष कैलाश कूलवाला गोपाल कृष्ण शर्मा पदम सिंह जिला सेवा प्रमुख विद्या भूषण गर्ग जिला सह समरसता प्रमुख मनोज वार्ष्णेय जिला विधि प्रकोष्ठ सहसंयोजक मनीष कौशल एडवोकेट जिला धर्म प्रसार प्रमुख नागेन्द्र प्रताप सिंह जिला गोरक्षा प्रमुख गुड्डू चौधरी जिला साप्ताहिक मिलन प्रमुख अमरदीप हाथरस प्रखंड उपाध्यक्ष सचिन वार्ष्णेय प्रशांत कुलश्रेष्ठ मंत्री अजय कुमार शर्मा नगर सुरक्षा प्रमुख एडवोकेट विक्रांत सोनी नगर सह मंत्री दाऊ दयाल वर्मा सिकंद्राराऊ प्रखंड उपाध्यक्ष श्री राय सिंह बजरंग दल सह संयोजक विशाल पुंडीर सह प्रचार प्रमुख ज्ञान प्रकाश बघेल लालाराम शास्त्री विवेक कुमार सासनी प्रखंड पूर्व अध्यक्ष डॉ अमित भार्गव आदि के साथ प्रखंडों के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे बैठक का सफल संचालन व आभार व्यक्त जिला मंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने किया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन के दुर्गावती सभागार में हुई जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद को टीबी मुक्त करने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों की स्क्रीनिंग करने पर दिया गया जोर जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा की अध्यक्षता में विकास भवन के दुर्गावती सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जनपद के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर नियमित टीकाकरण, परिवार नियोजन, कायाकल्प, ई-संजीवनी, एनसीडी स्क्रीनिंग, टीबी स्क्रीनिंग, कुष्ठ रोग खोजी अभियान, जेएसवाई लाभार्थियों के भुगतान, आशा प्रतिपूर्ति भुगतान एवं अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों संचालन संबंधी समीक्षा की गई। समीक्षा के बाद जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा ने निर्देशित करते हुए कहा कि उक्त सभी स्वास्थ संबंधी कार्यक्रमों में कतई भी ढिलाई ना बरती जाए। जनपद को टीबी मुक्त करने के लिए चलाए जा रहे सौ दिनी अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा लोगों की स्क्रीनिंग कराई जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अखिलेश मोहन, जिला कार्यक्रम अधिकारी शशि वार्ष्णेय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव, जनवद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जिला चिकित्सालय, जिला संयुक्त चिकित्सालय, जिला महिला चिकित्साल के अधीक्षक, सीएमएस व डाक्टर्स मौजूद रहे।



# भारतीय राजस्व सेवा अधिकारियों (ओटी) के लिए राष्ट्रीय/आंतरिक सुरक्षा पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान में 11.03.2025 को 78वें बैच के भारतीय राजस्व सेवा अधिकारियों (ओटी) के लिए राष्ट्रीय/आंतरिक सुरक्षा पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान (सीडीटीआई) दिनांक 11.03.2025 से 12.03.2025 तक 78वें बैच के भारतीय राजस्व सेवा अधिकारियों (ओटी) के लिए राष्ट्रीय/आंतरिक सुरक्षा पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। सीडीटीआई, गाजियाबाद के निदेशक डॉ. सचिन गुप्ता, आईपीएस और



पाठ्यक्रम निदेशक श्री अंकुर आले, आईआरएस ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। 78वें बैच के कुल 144 अधिकारी प्रशिक्षु इस कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। यह व्यापक दो दिवसीय कार्यक्रम राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण का विस्तृत अवलोकन प्रदान करेगा, जो आंतरिक और बाहरी सुरक्षा चुनौतियों, डिजिटल वित्त जोखिमों और प्रौद्योगिकी और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रतिच्छेदन जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेगा, साथ ही इन चुनौतियों का समाधान करने में भारतीय राजस्व सेवा अधिकारियों की जिम्मेदारियों पर जोर देगा। प्रसिद्ध विशेषज्ञों और प्रतिष्ठित संकाय सदस्यों को सीडीटीआई गाजियाबाद द्वारा व्याख्यान और इंटरैक्टिव सत्रों के माध्यम से अपनी अंतर्दृष्टि और विशेषज्ञता साझा करने के लिए आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में सहायक पाठ्यक्रम निदेशक सुश्री श्रुति फोगाट, उप पुलिस अधीक्षक/पाठ्यक्रम समन्वयक श्री ओ.पी. शर्मा तथा सीडीटीआई गाजियाबाद के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## टाइल्स गोदाम की दीवार गिरने से मासूम की मौत, महिला घायल

**इंदिरापुरम।** थाना क्षेत्र के कनावनी में मंगलवार देर शाम इलाके में निमार्णाधीन गोदाम की सात फुट ऊंची दीवार भरभराकर गिर गई। इस दौरान यहां से गुजर रही क्षेत्र की ही रहने वाली महिला मोना पत्नी राजेश और उनका बेटा विशाल (8) दीवार के नीचे दब गए। चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और मां-बेटे को बाहर निकालकर, पास के ही निजी अस्पताल ले गए। यहां चिकित्सकों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। वहीं, घायल महिला का उपचार चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इंदिरापुरम के कनावनी गांव स्थित मेन पुस्ता पर 20 बीघा मैदान के सामने हरिओम ग्रेनाइट मार्बल के नाम से लगभग 200 गज जमीन पर बीते दो दिन से गोदाम का निर्माण कार्य चल रहा है। मंगलवार शाम को भी निर्माण कार्य चल रहा था। इसी दौरान शाम लगभग पौने छह बजे पास में ही रहने वाली महिला मोना अपने बेटे विशाल के साथ वहां से गुजर रही थी। तभी गोदाम की दीवार का लगभग आठ फुट चौड़ा हिस्सा अचानक भर-भराकर बराबर में सड़क पर जा गिरा, जिससे वहां से जा रहे मां-बेटे इसके नीचे दब गए। दीवार गिरने की तेज आवाज के साथ बचाव के लिए चीख पुकार सुन लोग घरों से बाहर निकले और मां-बेटे को मलबे से बाहर निकाल पास के निजी अस्पताल ले गए।

## जिलाधिकारी ने किया बाल विकास परियोजना के अन्तर्गत

# प्राथमिक विद्यालय सिहानी-3 के परिसर में टाटा समूह द्वारा निर्मित आंगनबाड़ी केन्द्र का उद्घाटन





वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिला अधिकारी श्री दीपक मीणा आईएएस द्वारा बाल विकास परियोजना के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय सिहानी-3 के परिसर में टाटा समूह द्वारा निर्मित आंगनबाड़ी केन्द्र का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव, एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी द्वारा 06 माह पूर्ण किये गये बच्चों का अन्नप्राशन एवं गर्भवती महिलाओं की गोदभराई भी की गई, जिलाधिकारी द्वारा गर्भवती एवं धात्री महिलाओं से वार्ता की एवं माताओं को 06 माह तक बच्चे को सिर्फ मां का दूध देने एवं उसके उपरान्त अनुपूरक आहार देने हेतु कहा गया। जिलाधिकारी द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को ए0आई0 बोर्ड पर बच्चों को गतिविधियां कराने पर जोर दिया गया जिससे आंगनबाड़ी केन्द्र पर बच्चे रूचीपूर्वक केन्द्र पर उपस्थित रहें। साथ ही 6 वर्ष पूर्ण किये गये बच्चों का प्राथमिक विद्यालय में दाखिला दिलाने पर भी जोर दिया गया। इस दौरान टाटा स्टील्स दिल्ली के रेजीडेंट एक्जीक्यूटिव विनम्रा सिंह, लुधियाना एवं साहिबाबाद यूनिट की हेड सुमाना सिंह, टाटा स्टील फाउंडेशन के अभिषेक कुमार, सोनाली नेगी मौजूद रहे।



## विदेशी मुद्रा के नाम पर लकड़ी कारोबारी से 2.50 लाख ठगे

वेलकम इंडिया




**साहिबाबाद।** शालीमार गार्डन थानाक्षेत्र के न्यू अशोक नगर निवासी लकड़ी कारोबारी सादिक से तीन जालसाजों ने विदेशी मुद्रा देने के नाम पर 2.50 लाख रुपये की ठगी कर ली। 10 मार्च को जालसाजों ने भोपुरा चौक पर बुलाकर कुछ विदेशी मुद्रा ऊपर रखकर रद्दी से भरा बैग थमा दिया। इसके बदले में 2.50 लाख रुपये की नकदी लेकर चले गए। धोखाधड़ी का पता चलने पर लकड़ी कारोबारी ने तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने बताया कि घटनास्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही आरोपियों को ट्रेस कर गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

कासगंज के ट्रांसपोर्टर से सितंबर में हुई थी ठगी : कासगंज निवासी संजय यादव ने विदेशी मुद्रा खरीदने के चक्कर में 2.24 लाख रुपये गंवा दिए थे। यह ठगी उनसे शालीमार गार्डन थानाक्षेत्र में ही हुई थी। जालसाज ने उन्हें कम रुपये में 17 लाख कीमत की विदेशी मुद्रा देने का झांसा दिया था। इसके बाद 27 दिसंबर की दोपहर शालीमार गार्डन के भारत माता चौक पर बुलाया। फिर आठ गुना फायदे का लालच देकर लाखों ठग लिए। 28 दिसंबर की रात पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था, लेकिन आज तक पुलिस उन जालसाजों का गिरफ्तार करना तो दूर उनका सुराग तक नहीं लगा पाई है।

# ऊपर उठ विषय पर गोष्ठी सम्पन्न

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मंगलवार 11 मार्च 2025, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में ₹ऊपर उठ₹ विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया।यह कोरोना काल से 704 वाँ वेबिनार था।

मुख्य वक्ता प्रो. नरेन्द्र आहूजा विवेक ने कहा कि व्यक्ति को अपना कदम आगे बढ़ाते हुए सोपान चढ़ने के लिए पिछली सीढी से पैर उठा कर उसे छोड़ना होता है।इस तरह हमें जीवन में प्रगति के लिए काम क्रोध लोभ मोह ईर्ष्या द्वेष स्वार्थ अहंकार की कलुषित भावनाओं को छोड़ना होता है।वेद मन्त्र भी ऊपर उठने का संदेश देता है उदव्यं तमस्सपरि स्वः पश्यन्त उत्तरम।देवं देवत्रा सूर्यमग्नम ज्योतिर्रउत्तमम- अर्थात हम लोगों ने कोहरे तमस अंधकार या पापों या पापों के अंधकार से ऊपर उठकर प्रकाश को देखा और परम प्रकाशक ईश्वर को पा लिया।आगे बढ़कर देखा तो अधिक तेज वाले प्रकाश को पाया और आगे बढ़े तो हर प्रकाशित वा प्रकाशक वस्तु में उसी परम प्रकाशक प्रभु की प्राप्ति हुई।जीवन मे सदैव आगे बढ़ने का संकल्प लेना चाहिए।




मुख्य अतिथि डॉ. गजराज सिंह आर्य व अध्यक्ष सोहन लाल आर्य ने विषय की संपुष्टि करते हुए कहा कि वैदिक संस्कृति रचनात्मक-रूप से आगे बढ़ने का संदेश देती हैं जहां निराशा का कोई काम नहीं है। परिषद अध्यक्ष अनिल आर्य ने कुशल संचालन करते हुए कहा कि हमें अग्नि से प्रेरणा लेनी चाहिए जो ऊपर की ओर बढती है।प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण आर्य ने धन्यवाद ज्ञापित किया। गायिका प्रवीना ठक्कर, कौशल्या अरोड़ा, जनक अरोड़ा, कुसुम भण्डारी, सरला बजाज, सन्तोष धर, रविन्द्र गुप्ता ,सुधीर बंसल आदि ने मधुर भजन सुनाए।

# ज्योतिषपीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी ने विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा को संरक्षक के रूप में आशीर्वाद दिया





वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने बताया कि ज्योतिर्मठ के वर्तमान जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्रीः परमाराध्य परमधमार्धीश उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानन्दः सरस्वती महाराज भारत की चार दिशाओं में चार वेदों के आधार पर चार आम्नाय पीठों की स्थापना कर देश की धार्मिक व साँस्कृतिक सीमा को सुदृढ बनाया। आज मन को प्रसन्नता हो रही है कि ऐसे संत शिरोमणि जगद्गुरु शंकराचार्य जी ने विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा को अपना संरक्षक के रूप में आशीर्वाद दिया और कहा की धर्म में राजनीति नहीं होनी चाहिए राजनीति में धर्म होना चाहिए राजनीति और धर्म, दोनों के क्षेत्र अलग-अलग है। धर्म व्यक्ति के उत्थान के लिए काम करता है और राजनीति समाज के उत्थान के लिए। कई बार राजनीति के लोग धर्म को प्रभावित करने लगते हैं और फिर धर्म पर राजनीति का प्रभाव बढ़ने लगता है। अगर धार्मिक मानबिंदुओं पर राजनीति की वजह से कोई आंच आने लगे तो धर्म का हस्तक्षेप जरूरी हो जाता है। अभी हमने एक मुहिम चलाई थी कि उसी को वोट देना है जो गोमाता के लिए खड़ा हो इसे राजनीति में दखल माना जा सकता है, लेकिन असल में यह राजनीति में दखल नहीं है यह अपने धर्म की सुरक्षा है। इस अवसर पर विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान द्वारा जगद्गुरु स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानन्दः सरस्वती महाराज को भगवान परशुराम का फरसा भेंट कर आशीर्वाद लिया इस अवसर पर अजय शर्मा पार्षद सहित सैकड़ो भक्त मौजूद थे।